संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | देहरादून, मंगलवार, 10 अक्टूबर 2023 ₹ 1 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्ष: 08 अंक: 271 पृष्ठ: 08

RNI : UTTHIN/2009/31653

actionindiaddn@gmail.com | उत्तराखण्ड संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group




कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक के दौरान पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी, जयराम रमेश, केसी वेणुगोपाल चर्चा करते हुए।

**फास्ट न्यूज**

### तमिलनाडु: पटाखा फैक्ट्री में आग, नौ मौत

**अरियालुर:** तमिलनाडु के पीटीआई जिले में सोमवार (9 अक्टूबर) को एक पटाखा फैक्ट्री में आग लगने से नौ लोगों की मौत हो गई। राज्य के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने बयान जारी करके नौ लोगों की मौत पर शोक व्यक्त किया है। साथ ही सीएम ने मृतक के परिवारों के लिए नकद राहत की घोषणा की। यह घटना अरियालुर जिले के विरागलुर गांव में स्थित एक प्राइवेट कंपनी में हुई, हालांकि आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। सीएम स्टालिन ने कहा कि पांच घायल लोगों को तंजावुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उन्हें विशेष चिकित्सा सुविधा दी जा रही है।

### सिक्किम जल प्रलय: मरने वालों की संख्या 34 हुई

**गंगटोक:** सिक्किम के ल्होनक ग्लेशियर में 3 अक्टूबर को बादल फट गया। अचानक बादल फटने के कारण झील का एक किनारा टूट गया, जिससे तीस्ता में जल स्तर बढ़ गया और राज्य के कई इलाके जलमग्न हो गए। देखते ही देखते यह प्राकृतिक संकट आपदा का रूप ले लिया। सिक्किम के इस जल प्रलय में कई लोगों की जान गई है कई लोग अब भी लापता चल रहे हैं। सिक्किम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एसएसडीएमए) की 9 अक्टूबर की सुबह 10:00 बजे की रिपोर्ट के अनुसार, मरने वालों की संख्या 34 दर्ज की गई थी।

# पांच राज्यों में बजा चुनावी बिगुल

## = 60 लाख मतदाता पहली बार करेंगे वोट, चुनाव परिणाम तीन दिसंबर को आएंगे

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**निर्वाचन** आयोग ने सोमवार दोपहर 12 बजे एक अहम प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान पांच राज्यों में होने वाले चुनावों का एलान कर दिया गया। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम विधानसभा चुनावों की तारीखों के बारे में विस्तार से बताया। सभी राज्यों के चुनाव परिणाम तीन दिसंबर को आएंगे।

**कुल 16.14 करोड़ मतदाता इन चुनावों में अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे:** मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने बताया कि कुल 16.14 करोड़ मतदाता इन चुनावों में अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे। इनमें 8.2 करोड़ पुरुष मतदाता, 7.8 करोड़ महिला मतदाता होंगे। इस बार 60.2 लाख नए मतदाता पहली बार वोट डालेंगे।

**60.2 लाख नए मतदाता पहली बार वोट डालेंगे:** खास बात यह भी है कि 60.2 लाख नए मतदाता पहली बार वोट डालेंगे। इनकी उम्र 18 से 19 साल के बीच है। 15.39 लाख वोटर ऐसे हैं, जो 18 साल पूरे करने जा रहे हैं और जिनकी एडवांस एप्लीकेशन प्राप्त हो चुकी हैं।

**पांचों राज्यों में कुल 679 विधानसभा सीटें:** पांचों राज्यों में कुल 679 विधानसभा सीटें हैं। मध्य प्रदेश में इस वक्त भाजपा की सरकार है। वहीं, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में कांग्रेस शासन में है। तेलंगाना में के. चंद्रशेखर राव वाली भारत राष्ट्र समिति यानी बीआरएस की सरकार है। मिजोरम में जोरमथंगा की मिजो नेशनल फ्रंट सत्ताधारी पार्टी है। 2018 में पांचों राज्यों के विधानसभा चुनाव की तारीखों का एलान छह अक्तूबर को हुआ था। छत्तीसगढ़ में चुनाव दो चरणों में कराए गए थे। वहीं मध्यप्रदेश, राजस्थान, तेलंगाना और मिजोरम में एक चरण में वोटिंग हुई थी। पांचों राज्यों के चुनाव नतीजे एक साथ 11 दिसंबर को आए थे।

**मध्यप्रदेश**– राज्य में पिछला विधानसभा चुनाव 28 नवंबर 2018 को हुआ था। इस चुनाव के लिए कुल 2,899 उम्मीदवार मैदान में थे। चुनाव आयोग के मुताबिक, प्रति निर्वाचन क्षेत्र में औसतन 12 प्रत्याशी थे। राज्य में मतदान करने वाले मतदाताओं की संख्या 3,78,54,811 थी। इनमें से 1,99,94,060 पुरुष, 178,60,401 महिलाएं और 350 थर्ड जेंडर्स ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया था। पुरुषों के लिए मतदान 75.84%, महिलाओं के लिए 74.01% और कुल मतदान 74.97% रहा।




### राजस्थान का रण

**राजस्थान**– राजस्थान में पिछला विधानसभा चुनाव 28 नवंबर 2018 को संपन्न हुआ था। इस चुनाव के लिए कुल 2,294 उम्मीदवार मैदान में थे। राज्य में प्रति निर्वाचन क्षेत्र में औसतन 11 प्रत्याशी मैदान में थे। मतदान करने वाले मतदाताओं की संख्या 3,53,90,876 थी। इनमें से 1,83,44,351 पुरुष, 1,70,46,450 महिलाएं और 75 थर्ड जेंडर्स ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया था। पुरुषों के लिए मतदान 73.49%, महिलाओं के लिए 74.67% और कुल मतदान 74.06 % रहा। राज्य में चुनाव नतीजे 11 दिसंबर 2018 को घोषित किए गए थे। अलवर की रामगढ़ सीट छोड़कर बाकी 199 सीटों पर मतदान हुआ। रामगढ़ सीट पर बसपा के प्रत्याशी लक्ष्मण सिंह के निधन के कारण चुनाव स्थगित हो गया था। इस चुनाव में कांग्रेस ने भाजपा को पटखनी देते हुए 99 सीटें जीतीं। इसके साथ ही प्रदेश में हर पांच साल में सत्ता परिवर्तन का रिवाज कायम रहा। भाजपा को 73, मायावती की पार्टी बसपा को छह तो अन्य को 20 सीटें मिलीं। कांग्रेस को बहुमत के लिए 101 विधायकों की जरूरत थी। कांग्रेस ने निर्दलियों और अन्य की मदद से जरूरी आंकड़ा जुटा लिया। इसके साथ ही राज्य की सत्ता में वापसी की और अशोक गहलोत मुख्यमंत्री बने। अब 2023 राजस्थान विधानसभा की बात करें तो इसको लेकर तैयारियां तेज हो चुकी हैं।

**जनता की बारी**

8 कुल 16.14 करोड़ मतदाता इन चुनावों में अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे

# भारत-तंजानिया ने किया रणनीतिक साझेदारी का एलान

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**नई दिल्ली** स्थित हैदराबाद हाउस में आज पीएम मोदी और तंजानिया की राष्ट्रपति सामिया सुलुहू हसन के बीच बातचीत हुई। इस दौरान दोनों देश अपने आपसी संबंधों को रणनीतिक साझेदारी के स्तर पर ले जाने के लिए सहमत हुए। बैठक के बाद पत्रकारों से बात करते हुए दोनों नेताओं ने इसका एलान किया और रक्षा सहयोग बढ़ाने के लिए पांच साल के रोडमैप पर सहमति जताई। शीर्ष नेताओं की बैठक के दौरान दोनों देशों के बीच डिजिटल, संस्कृति, खेल, समुद्री उद्योग और वाणिज्यिक असैन्य व्यापारी जहाजों की गतिविधि की पहचान करने और पूर्व सूचना साझा करने संबंधी छह समझौतों पर हस्ताक्षर हुए। पीएम मोदी ने कहा कि भारत और तंजानिया व्यापार में महत्वपूर्ण साझेदार हैं। दोनों देशों में स्थानीय मुद्रा में व्यापार बढ़ाने पर भी बात हुई। पीएम मोदी ने कहा कि आज भारत और तंजानिया के संबंधों के लिए ऐतिहासिक दिन हैं क्योंकि हम अपनी सदियों पुरानी दोस्ती को रणनीतिक भागीदारी में बदल रहे हैं।



**हिंद महासागर क्षेत्र में अहम तंजानिया:** रक्षा के क्षेत्र में हम पंचवर्षीय रूपरेखा पर सहमत हो गए हैं। जिसके तहत दोनों देश सैन्य प्रशिक्षण, समुद्री क्षेत्र की निगरानी और रक्षा उद्योग जैसे क्षेत्रों में सहयोग करेंगे।

**द्विपक्षीय वार्ता**

8 दोनों नेताओं ने रक्षा सहयोग बढ़ाने के लिए पांच साल के रोडमैप पर सहमति जताई

### क्लाउडिया गोल्डिन को मिला अर्थशास्त्र का नोबेल

**टीम एक्शन इंडिया/वॉशिंगटन**
**रॉयल** स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज ने अर्थशास्त्र के लिए नोबेल पुरस्कार 2023 का एलान कर दिया है। अल्फ्रेड नोबेल की स्मृति में 2023 के स्वेरिग्स रिक्सबैंक पुरस्कार क्लाउडिया गोल्डिन को देने का फैसला लिया गया है। उन्हें महिलाओं के श्रम बाजार के परिणामों के बारे में हमारी समझ को उन्नत या विकसित करने के लिए यह सम्मान दिया गया है। क्लाउडिया गोल्डिन ने सदियों से महिलाओं की कमाई और श्रम बाजार भागीदारी का पहला व्यापक विवरण मुहैया कराने का काम किया है।

### कावेरी जल विवाद: जल छोड़ने का प्रस्ताव पेश किया

**टीम एक्शन इंडिया/चेन्नई**
**तमिलनाडु** के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने आज विधानसभा में राज्य सरकार की ओर से कर्नाटक सरकार को कावेरी जल प्रबंधन प्राधिकरण के आदेशों के अनुसार कावेरी जल छोड़ने का निर्देश देने के लिए एक प्रस्ताव पेश किया। उन्होंने इस प्रस्ताव को पेश करते हुए कहा, 'कावेरी डेल्टा के किसानों की आजीविका की रक्षा के लिए, जो तमिलनाडु की कृषि का आधार हैं। इस अगस्त सदन ने सर्वसम्मति से केंद्र सरकार से आग्रह किया कि वह कर्नाटक सरकार को कावेरी जल प्रबंधन प्राधिकरण के निर्देशों के अनुसार तमिलनाडु के लिए पानी छोड़ने का निर्देश दे।' कर्नाटक सरकार ने अपने कुछ क्षेत्रों में सूखे का हवाला देते हुए तमिलनाडु को पानी की आपूर्ति से इनकार कर दिया था।









# कविता जैन ने किया कलश यात्रा का शुभारंभ





**सुख-समृद्धि**

8 शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा से क्षेत्र में सुख-समृद्धि होगी। लोगों का जीवन सरल होगा और संपन्नता में वृद्धि होगी

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत** पूर्व शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कविता जैन ने अंतर्राष्ट्रीय श्रीकृष्ण भावनामृत संघ, इस्कॉन प्रचार समिति द्वारा आयोजित शिव मंदिर काठ मंडी से प्रारंभ हुई कलश यात्रा का शुभारंभ करते हुए इस पुण्य आयोजन के लिए बधाई दी। उन्होंने स्वयं भी कलश यात्रा में शामिल होकर धर्म लाभ कमाया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन हमारी संस्कृति को मजबूती प्रदान करते हैं। कलश यात्रा का आयोजन काठ मंडी से श्री राम मंदिर एवं अग्रवाल धर्मशाला, रोहतक रोड तक किया गया। पूर्व मंत्री ने कहा कि ऐसे शुभ अवसरों पर कलश यात्रा पारंपरिक रूप में आयोजित की जाती है, जिसके दर्शन मात्र से पुण्य मिलता है। कलश यात्रा में शामिल होना सौभाग्य की बात है। भागवत कथा 9 अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक श्रीराम मंदिर एवं अग्रवाल सदन में चलेगी । परम पूजनीय श्री साक्षी गोपाल दास जी महाराज द्वारा श्री मद भागवत कथा का वाचन किया जायेगा। उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा के श्रवण मात्र से प्राणियों का कल्याण संभव है। हर किसी को कथा का श्रवण पर पूर्ण श्रद्धा भाव के साथ करना चाहिए। कथा में मानव जीवन के लिए शुभ संदेश हैं। मानवीय जीवन को दिशा मिलती है। मनुष्य की तमाम समस्याओं का समाधान मिलता है। पूर्व मंत्री कविता जैन ने आम जनमानस को प्रोत्साहित किया कि वे कलश यात्रा व श्रीमद् भागवत कथा सरीखे कार्यक्रमों में बढ़-चढकर हिस्सा लें। साथ ही नई पीढ़ी को भी प्रतिभागी बनायें, ताकि वे अपनी संस्कृति से परिचित हो सकें। उन्होंने कहा कि शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा से क्षेत्र में सुख-समृद्धि होगी। लोगों का जीवन सरल होगा और संपन्नता में वृद्धि होगी। इस मौके पर आयोजकों ने पूर्व शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कविता जैन का हर्षोल्लास के साथ स्वागत किया। इस अवसर पर डॉक्टर रमेश बत्रा, डॉक्टर आनंद मित्तल, डॉक्टर जय भगवान बंसल, कृष्ण कृपा दास, रघु कुमार दास, ईश्वर चंद्र गौर दास, कृष्ण गोपाल दास, सहदेव प्राण दास, अंतरिक्ष गुप्ता, रमेश वत्स, कृष्ण कुमार सी०ए०, अमित बंसल, लाल चाँद सैनी, कृष्ण पांचाल, सुनीता देवी, साधना, अनुराधा देवी दासी, फाल्गुनी देवी दासी, सीमा माता जी एवं काफी गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

## दुनिया का सबसे बड़ा दान है रक्तदानः जितेंद्र मास्टर



**स्वैच्छा से...**

8 जिला परिषद सदस्य जसबीर पंजेटा ने ने शिविर में शिरकत की व रक्तदाताओं को बैज लगा कर उनकी हौसलाफजाई की

**टीम एक्शन इण्डिया,कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक )** राजिंद्र फाउंडेशन संस्था कुरुक्षेत्र ने अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में मथाना के विवेकानन्द सीनियर सेकेंडरी स्कूल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जिसमें कुरुक्षेत्र की सुप्रशिद्ध संस्था जन सहयोग संस्था कुरुक्षेत्र ने मुख्य रूप से पूरी कार्यकारिणी के साथ शिरकत की। इस शिविर में रक्तदाताओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया व रक्तदान किया। जिला परिषद सदस्य जसबीर पंजेटा ने ने शिविर में शिरकत की व रक्तदाताओं को बैज लगा कर उनकी हौसलाफजाई की। संस्था संस्थापक मास्टर जितेंद्र ने बताया कि रक्तदान करने शरीर मे किसी तरह की कमी नही आती बल्कि हमारा शरीर स्वस्थ रहता है। संस्था सदस्य मिथुन समाना ने बताया कि हमारे एक यूनिट रक्त से 3 लोगों की जान बचाई जा सकती है।संस्था की तरफ से मास्टर जितेंद्र,मिथुन समाना,आयुष राजिंद्र पाल गुप्ता,अरविंद सिंघल,विक्रम शर्मा,डिम्पल,ज्योति , गगनदीप, ज्योति,मनप्रीत,रमन आदि सदस्य मौजूद रहे। संस्था की तरफ से सभी रक्तदाताओं को औ? मुख्यातिथिओ को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। विक्रम शर्मा,अंकुश, राहुल, अजय, रोबिन ,सनी आदि रक्तदाताओं ने रक्तदान किया।

## 'एसवाईएल पर सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का पालन करे आप सरकार'

**मांग**

8 दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल एसवाईएल नहर को लेकर अपना स्टैंड क्लीयर करें



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** पूर्व विधायक व वरिष्ठ कांग्रेस नेता जसबीर मलौर ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी के अध्यक्ष व दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल एसवाईएल नहर को लेकर अपना स्टैंड क्लीयर करें। गौरतलब है कि पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार है व पिछले दिनों पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान हरियाणा को उसके हिस्से का पानी देने से साफ मना कर रहे हैं । मलौर ने कहा कि आम आदमी पार्टी दोगली निती अपना रही है व हरियाणा के हितों के खिलाफ बयानबाजी कर रही है । एक तरफ तो पंजाब सरकार के मन्त्री चंडीगढ की सरकारी कोठियों से आए दिन हरियाणा को पानी की एक बूंद भी ना देने की ब्यानबाजी कर रहे हैं वहीं दूसरी और हरियाणा में आम आदमी पार्टी ब्यान देती है कि वो एसवाईएल का पानी लाएगें । एसवाईएल हरियाणा की जीवन रेखा है और हरियाणा हर हाल में अपने हिस्से का पानी लेकर रहेगा । सुप्रीम कोर्ट इस मामले में पंजाब सरकार को फटकार लगाई चुकी है लेकिन पंजाब सरकार दो टूक शब्दों में पानी देने से मना कर रही है । मलौर ने कहा कि केजरीवाल एक तरफ तो हरियाणा में चुनावी घोषणाएं करते हैं लेकिन हरियाणा के असल मुद्दे पर आज तक एक शब्द नहीं बोले । प्रदेश की जनता उनसे अपना स्टैंड स्पष्ट करने की मांग कर रही हैं ।

पूर्व विधायक ने मुख्यमन्त्री मनोहर लाल खट्टर पर भी हमला बोलते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले में पंजाब में नहर निर्माण का कार्य पूरा करवाना केन्द्र सरकार की जिम्मेवारी है और सरकार को सीपीडब्ल्यूडी से जल्द से जल्द नहर खुदाई का कार्य पूरा करवाना चाहिए और मुख्यमंत्री जी कह रहे है इसमें सरकार की जिम्मेवारी नहीं । मलौर ने प्रदेश की भाजपा-जजपा सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि गठबंधन सरकार जनता का विश्वास खो चुकी है । ऐसा कोई विभाग नहीं जो प्रदेशवासियों की परेशानी का सबब ना बना हो । किसानों की फसल पक कर तैयार है और उन्हें पोर्टल के चक्कर में उलझा रखा है।

## 'आप लोगों को अपने वोट रूपी ताकत की पहचान करनी होगी'



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन** पानीपत ग्रामीण हल्के के नेता भाई विजय जैन ने अपने जन-संपर्क अभियान के तहत वार्ड नंबर 1 दीनानाथ कॉलोनी में भाई बिट्टू कलशन व प्रदीप कुमार द्वारा आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए विजय जैन ने कहा है कि मेरा राजनीति में आने का मकसद बाहरी कॉलोनी में बसे उन गरीब लोगों तक राजनीति की पहचान करना है ताकि एक गरीब व्यक्ति भी अपने वोट की ताकत को पहचान सके। जैन ने कहा है कि आप लोगों को अपने वोट रूपी ताकत की पहचान करनी होगी ताकि आप अपनी शक्ति का एहसास कर सको मेरा मकसद आप लोगों को राजनीतिक व आर्थिक तौर पर सुदृढ़ करना होगा ताकि एक गरीब व्यक्ति की पहचान राजनीतिक तौर पर हो सके।

## सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह ने 7 गांवों में किया जन संवाद कार्यक्रम

**टीम एक्शन इंडिया/नांगल चौधरी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच है कि वर्ष 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र बनाया जा सके।इसी सोच के अनूरूप केंद्र सरकार ने लगभग साढ़े 9 साल में परिवहन, संचार, ऊर्जा, जल संसाधन व औद्योगिक क्षेत्र में बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर किया है। यह बात भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र के सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह ने आज नांगल चौधरी विधानसभा क्षेत्र के गांवों में जन संवाद कार्यक्रम में जन समूह को संबोधित करते हुए कही। सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह ने आज हसनपुर, रामबास, धानोता, मारोली, नापला, पवेरा व नारेहड़ी में जन संवाद कार्यक्रम कर लोगों की समस्याएं सुनीं।

## पानीपत ग्रामीण वार्ड 12 अल्पसंख्यक समाज के लोगों ने आम आदमी पार्टी को जॉइन किया



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन** आम आदमी पार्टी प्रदेश जॉइंट सैकेट्री सुखवीर मलिक के नेतृव मे आज वार्ड 12 के अध्यक्ष शाकिर अन्सारी द्वारा बुलाई गई सभा मे काफी संख्या मे आम आदमी पार्टी को जॉइन किया।

इस सभा मे लोगों की समस्या को सुखवीर मलिक ने सुना।

यहां की बड़ी समस्या पानी निकासी की है पूरी गली का पानी एक खुले खेत मे जाता था ।अब खेत मलिक ने रास्ता बंद कर दिया है। उस समस्या को पार्षद और विधायक के सामने रखी। लेकिन ना विधायक ना पार्षद ने काम करवाया। गली के हर घर मे गंदा पानी भरता जा रहा है। जनता बोली काम नही तो वोट नही देंगे। इस बार समाजसेवी सुखवीर मलिक जको विधयक बनाना है,समस्या का हल पाना है। आम आदमी पार्टी मे सेजॉइन करने वाले मे नूर आलम, कल्लू राम,नईम अहमद,मुकिम भाई, कवर अलाम,बाबू पानीपती,निजामुद्दीन, मुस्तफा,युनस, शराफत,मो. रफीक,शौकीन, बुंदू भाई, शब्बीर, मो. अनवर और बहुत से अन्य साथियों ने जॉइन किया।

सभी नए साथियों का आम आदमी पार्टी मे स्वागत किया सुखवीर मालिक ने सभी टोपी और अंगवस्त्र देकर स्वागत किया।इस मोके पर राज कुमार मुंडे, देवेंन सलूजा, प्यारे लाल गुप्ता, शाकिर अंसारी आदि माजूद रहे।

## राष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता में जीते अनेकों पुरस्कार



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र(दलबीर मलिक कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय** के विधि संस्थान ने सैंट सोल्जर लॉ कॉलेज जालंधर द्वारा आयोजित 12वीं आरसी चोपड़ा मैमोरियल राष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता, 2023 में अनेकों पुरस्कार जीतकर शानदार उपलब्धि हासिल कर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया है। यह प्रतियोगिता गत सप्ताह जालंधर में आयोजित की गई थी। इस उपलब्धि के लिए कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने छात्रों एवं शिक्षकों को बधाई दी। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक प्रो. दिलीप कुमार ने बताया कि इस प्रतियोगिता में देशभर के विभिन्न विश्वविद्यालयों की 64 टीमों ने भाग लिया।

## नर सेवा ही नारायण की सेवा है- आचार्य चैतन्य

**मेडिकल कैंप**

8 चेरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में मोतीनगर स्थित रविदास मंदिर मे निशुल्क मैडिकल कैम्प का अयोजन किया गया



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
अंबाला शहरः-पं केदारनाथ हास्पिटल व चेरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में मोतीनगर स्थित रविदास मंदिर मे निशुल्क मैडिकल कैम्प का अयोजन किया गया। इस अवसर पर श्री कबीर जन कल्याण सेवाश्रम के आचार्य सनातन चैतन्य जी महाराज भी पहुँच कर सेवा लिए कैम्प स्थल पर शक्तिरानी शर्मा मेयर ने आचार्य जी से आशिर्वाद लिये आचार्य जी ने मेयर शक्तीरानी शर्मा को शुभकामनाएं देते हुए कहाँ की आपकी चेरिटेबल ट्रस्ट शहर मे वर्षों से नियमित मैडिकल कैम्प लगाकर जनता की सेवा कार्य रहे है जो प्रशंसनीय है लोग बड़ी सख्यां मे पहुँच कर बराबर लाभ उठा रहे है। नर सेवा ही सही मायने मे नारायण की सेवा है। सभी ट्रस्ट से जुड़े सदस्य साधुवाद के पात्र है।

## डेंगू से बचाव हेतु गांव कैंथला खुर्द में पंचायत द्वारा करवाई गई फागिंग



**अभियान**

8 पंचायत को आह्वान कर रही है कि वह गांव में डेंगू के प्रकोप को न बढ़ने दें

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
आज ग्रामीण क्षेत्र हो या शहरी क्षेत्र सभी जगह डेंगू का प्रकोप चारों तरफ बदसूरत जारी है। उसकी रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीम भी गांव गांव में जाकर लोगों को जागरुक कर रही है और पंचायत को आह्वान कर रही है कि वह गांव में डेंगू के प्रकोप को न बढ़ने दें। इसी कड़ी को आगे बढ़ते हुए आज ग्राम पंचायत कैंथला खुर्द के सरपंच मास्टर बलदेव सिंह सैनी ने अन्य सदस्यों के सहयोग से संपूर्ण गांव में डेंगू से बचाव हेतु फागिंग करवाई ताकि बच्चों और बुजुर्ग डेंगू की चपेट में न आएं। उन्होंने कहा कि डेंगू इतनी खतरनाक जानलेवा बीमारी है इससे अपने आपको और अपने परिवार के सदस्यों को सुरक्षित रखना हम सब की जिम्मेवारी है। सरपंच मास्टर बलदेव सिंह ने कहा कि डेंगू व अन्य बीमारियों से बचने के लिए जागरुकता की बहुत जरूरी है। उन्होंने सभी ग्राम वासियों का आह्वान किया कि सभी साफ सफाई का विशेष ध्यान रखें ।अपने घरों के आसपास किसी भी प्रकार का गंदा पानी न खड़ा होने दे ताकि बीमारी के मच्छर गंदे खड़े पानी में न पनप सकें ।उन्होंने सभी ग्राम वासियों को स्पष्ट करते हुए कहा कि समय-समय पर गांव के कोने-कोने में फागिंग का कार्य निरंतर जारी रहेगा, लेकिन ग्रामवासी भी अपने सदस्यों के स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहते हुए हर बीमारी की रोकथाम के लिए सावधान रहे। उन्होंने कहा कि पहला सुख निरोगी काया ,यदि स्वास्थ्य ठीक रहेगा तो हम सब कुछ बेहतर कर पाएंगे।

## जननायक जनता पार्टी की युवा विंग और महिला विंग ने चलाया अभियान



**बूथ योद्धा तैयार**

8 पार्टी निष्ठानवान कार्यकर्ताओं के घर-घर पर मीटिंग करके जजपा का बूथ योद्धा कार्यक्रम चलाया, और पार्टी की नीतियों के बारे में बताया

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत ,कमाल हुसैन**
जननायक जनता पार्टी के प्रेस प्रवक्ता जयदेव नौल्था ने बताया की पार्टी के एक बूथ-एक योद्धा कार्यक्रम के तहत पानीपत जिले हर गांव में जाकर युवा विंग और महिला विंग के द्वारा पार्टी निष्ठानवान कार्यकर्ताओं के घर-घर पर मीटिंग करके जजपा का बूथ योद्धा कार्यक्रम चलाया, और पार्टी की नीतियों के बारे में बताया। इस दौरान ज़िला युवा अध्यक्ष टीपू पोड़िया ने कहा कि जजपा की युवा विंग पानीपत ज़िले के हर गाँव में जाकर लोगों को जननायक जनता पार्टी की उपलब्धियों व सरकार में उपमुख्यमंत्री दुष्यंत सिंह चौटाला द्वारा किए गए विकास कार्यों के बारे में बता रहा हैं और हर बूथ पर एक मजबूत बूथ योद्धा तैयार किया जा रहा हैं।महिला जिला अध्यक्ष गीता पलड़ी और समालखा हल्का अध्यक्ष महिला मीनाक्षी चावला ने कहा कि बूथ योद्धा कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है।जिस प्रकार से आज जजपा के साथ लगातार महिला और नौजवान जुड़ते हुए नजर आ रहे हैं, उनको देखते हुए दावे के साथ आने वाला समय हरियाणा प्रदेश के मुख्यमंत्री दुष्यंत सिंह चौटाला होंगे।टीपू पोडिया और गीता पलड़ी ने बताया कि विपक्ष का काम है सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यों का कटाक्ष करना।

## युवक को टोल प्लाजा पर बुलाकर मारपीट करने वाले दो गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया/ पानीपत,कमाल हुसैन**
पानीपत युवक को टोल प्लाजा पर बुलाकर मारपीट करने वाले दो आरोपियों को थाना सेक्टर 13/17 पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार किया। आरोपियों की पहचान श्याम निवासी पक्की सराय बरनाला पंजाब हाल घरोंडा व दिनेश निवासी सिहोरी भावनगर गुजरात हाल घरोंडा करनाल के रूप में हुई। थाना सेक्टर 13/17 प्रभारी इंस्पेक्टर विलासा राम ने बताया कि थाना सेक्टर 13/17 में आकाश पुत्र सोमदत निवासी महाबीर कालोनी ने शिकायत देकर बताया था कि वह मेहनत मजदूरी का काम करता है। 3 अगस्त की देर शाम करीब 9:30 बजे उसने भोला को फोन किया तो नरेश निवासी अंबाला केंट ने फोन उठाया। नरेश ने बात कर उसको टोल टेक्स पर बुलाया। वह टोल टेक्स पर गया तो वहा बात करते हुए भोला व नरेश के साथ कहासुनी हो गई। भोला, नरेश, दिनेश, सुनील, गप्पू व श्यामलाल ने मारपीट करते हुए इंट से उसको चोट मारी।

## नेता संदीप गर्ग ने गांव भूतमाजरा में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए खोला सिलाई सेन्टर



**आत्मनिर्भर**

8 महिलाएं सिलाई सीख कर रोजगार करने के साथ-साथ आत्मनिर्भर भी बनेंगी: संदीप गर्ग

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र/लाडवा, (दलबीर मलिक)** लाडवा हल्के के नेता एवं समाजसेवी संदीप गर्ग द्वारा गांव भूतमाजरा में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सिलाई सेंटर का शुभारंभ किया गया। ग्रामीणों व महिलाओं द्वारा नेता संदीप गर्ग का गांव में पहुंचने पर स्वागत भी किया गया।

नेता संदीप गर्ग ने कहा कि उनका सपना है कि लाडवा हल्के की हर महिला अपने आप कार्य कर अपने ऊपर आत्मनिर्भर रहे और अपने परिवार का पालन पोषण करने में सहयोग करें। उसी कड़ी में गांव भूतमाजरा की महिलाओं के लिए सिलाई सेन्टर खोला गया है। जिसके कारण यहां की महिलाएं सिलाई सीख कर अपने घर पर लोगों के कपड़े बनाकर अपना रोजगार तो कर ही सकेगी। इसके साथ-साथ वह आत्मनिर्भर भी बनेंगे। वहीं ग्रामीण राजिन्द्र कुमार, तनुज शर्मा, बलबीर सिंह, रोशन लाल, नरेन्द्र, ज्ञान चंद, मामचंद, हरविन्द्र आदि ने कहा कि समाजसेवी संदीप गर्ग द्वारा जो यह नेक कार्य किये जा रहे हैं इनकी जितनी प्रशंसा की जाए उतनी कम है। उन्होंने कहा कि जिस उद्देश्य से समाजसेवी संदीप गर्ग लाडवा हल्के की जनता की सेवा करने में लगे हुए हैं उससे यह साफ हो रहा है कि इन्हें किसी भी बात का प्रलोभन नहीं है, यह मात्र जनता की सेवा करने के लिए राजनीति में आए हैं और 2024 के विधानसभा चुनाव में लाडवा हल्के से भारी मतों से जीताकर इन्हें विधानसभा में भेजने का काम करेंगे। मौके पर सरपंच अनिल शर्मा, नीलम, कांता, रूबी, बाला, कुसुम, खुशी, रजनीश, दिव्या, अन्नु, निशा आदि मौजूद थे।

# 'युवाओं के हित के लिए सरकार संकल्पित'

लॉन्च

- सीएम ने युवा महोत्सव का किया शुभरम्भ
- सीएम ने रोजगार प्रयाग पोर्टल को किया लॉन्च



**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**
मुख्यमंत्री ने सोमवार को उत्तराखंड युवा महोत्सव का शुभरम्भ करते हुए कहा कि युवाओं के हित के लिए सरकार संकल्पित होकर कार्य कर रही है। इस दौरान युवाओं को नियुक्ति पत्र भी वितरित किया गया।
परेड़ मैदान में कौशल विकास एवं सेवा योजन विभाग की ओर से आयोजित युवा महोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने द्वीप प्रज्ज्वलित कर महोत्सव का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम में आईआईटी रुड़की, माइक्रोसॉफ्ट के बीच एमओयू किया गया। युवाओं को प्रशिक्षण दिया जायेगा। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने रोजगार प्रयाग पोर्टल को भी लॉन्च किया। इस पोर्टल के माध्यम से युवाओं को ना सिर्फ रोजगार की जानकारी मिलेगी बल्कि इसी पोर्टल में विभिन्न विभागों में आउट सोर्स के जरिये खाली पड़े पदों की जानकारी मिल सकेगी। कार्यक्रम में ने युवाओं को नियुक्ति पत्र भी वितरित किए। उन्होंने विभिन्न विभागों की ओर से आयोजित प्रदर्शनी स्टॉल का निरीक्षण भी किया। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि सरकार युवाओं को रोजगार देने की दिशा में तेजी से कार्य कर रही है। इसी के तहत उत्तराखंड युवा महोत्सव का आयोजन किया गया है। सरकार की ओर से युवाओं के हित में चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी देना था। यह पोर्टल आने वाले दिनों में रोजगार के लिए मिल का पत्थर साबित होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी को रोजगार ,स्वरोजगार से जोड़ कर स्वालंबन की ओर ले जाना है। युवाओं को रोजगार मांगने वाले नहीं रोजगार देने वाले बनना है। युवा ही भारत के शक्ति है। प्रधानमंत्री एक भारत श्रेष्ठ भारत का सपना देखा है और इस सपने को ल युवा ही पूरा करेंगे। उन्होंने कहा कि नये भारत का निर्माण हो रहा है। इसका नींव युवा ही है। युवाओं को आगे लाने का सरकार हर बेहतर से बेहतर कार्य कर रही है। युवाओं के हित से सरकार समझौता नहीं करेगी। इसी को ध्यान में रखते हुए कठोर नकल विरोधी कानून को लाया गया है। उन्होंने कहा कि माता-पिता संघर्षों से अपने बच्चों को पढ़ाने का काम करते हैं, लेकिन बेखौफ नकल माफिया उनके भविष्य से धोखाधड़ी करने का काम करते थे। सरकार देश के सबसे सख्त नकल कानून के लिए अध्यादेश लाई। उसका परिणाम 80 से अधिक नकल माफिया आज जेल के सलाखों में है। उन्होंने कहा कि साढ़े पांच लाख से अधिक युवा छात्र अलग अलग परीक्षा में शामिल हुए हैं।

# नैनीताल में बस खाई में गिरी, सात की मौत, 26 घायल

हादसा

- शिक्षकों को घुमाकर लौट रही थी बस
- मरने वालों में एक बच्चा, एक पुरुष और पांच महिलाएं शामिल



**टीम एक्शन इंडिया/नैनीताल**
**नैनीताल** कालाढूंगी मार्ग पर रविवार रात्रि एक बड़ी दुर्घटना घटित हुई है। मुख्यालय से लगभग 20 किमी दूर घटगढ़ के पास एक खतरनाक मोड़ पर हुई दुर्घटना में सात लोगों की मौत हो गई जबकि 26 लोग घायल हुए हैं। दुर्घटनास्थल पर काफी खतरनाक मोड़ होने के बावजूद वहां सड़क किनारे रेलिंग न लगी होने की भी जानकारी सामने आ रही है। दुर्घटना की सूचना सबसे पहले स्थानीय सांसद व केंद्रीय मंत्री अजय भट्ट के प्रतिनिधि गोपाल रावत ने पुलिस एवं प्रशासनिक बलों को दी। इस पर सक्रिय हुई जनपद के कई थानों-चौकियों की पुलिस एवं एसडीआरएफ के जवान मौके पर पहुंचे और बुरी तरह से क्षतिग्रस्त बस से घायलों को बचाकर पहले कालाढुंगी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और वहां से प्राथमिक उपचार के बाद हल्द्वानी के एसटीएच यानी सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय ले जाया गया। समाचार लिखे जाने तक 26 घायलों को एसटीएच ले जाया जा चुका है।

## संक्षिप्त खबरें

### सिविल सेवा की तैयारी के लिए हुई सुपर -39 प्रवेश परीक्षा

**ऋषिकेश।** श्री देव सुमन उत्तराखंड विश्वविद्यालय के ऋषिकेश परिसर में प्रतियोगी परीक्षाओं विशेषत: सिविल सेवा की तैयारी के लिए संचालित होने वाले सुपर-39 कोचिंग क्लासेज को छात्राओं के लिए स्क्रीनिंग परीक्षा हुई। श्री देव सुमन विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालय के कुल पंजीकृत 63 छात्र-छात्राओं में से 50 से अधिक परीक्षार्थी इस परीक्षा में सम्मिलित हुए। सुपर-39 कोचिंग क्लासेज के संयोजक प्रोफेसर डीकेपी चौधरी ने बताया कि इस परीक्षा में उत्तीर्ण छात्राओं के लिए कोचिंग कक्षाओं का उद्घाटन शीघ्र ही कुलपति /कुलाधिपति करेंगे। इस सुपर -39 प्रवेश परीक्षा के आयोजन के दौरान समिति के सदस्य प्रोफेसर एपी दुबे एवं डॉक्टर शालिनी रावत उपस्थित रहीं।

### दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहा आरोपित गिरफ्तार

**हरिद्वार।** पुलिस ने दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपित का चालान कर दिया है। जनपद के थाना कलियर पर दर्ज मुकदमे में महबूब पुत्र गुलफाम निवासी 86 मोहल्ला खेल थाना कांधला जनपद शामली, उत्तर प्रदेश हाल निवासी पिरान कलियर जनपद हरिद्वार काफी समय से फरार चल रहा था। पुलिस ने आज आरोपित को धनौरी की तरफ जाने वाले रास्ते पर बिजली घर से गिरफ्तार कर लिया।

### कोटक म्यूचुअल फंड ने सीबीएसई के साथ की साझेदारी

**देहरादून।** कोटक म्यूचुअल फंड ने देहरादून में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के साथ साझेदारी में अपनी निवेशक शिक्षा और जागरूकता पहल सीखो पैसे की भाषा का आयोजन किया यह पहल शिक्षा और जागरूकता कार्यक्रमों की एक व्यापक श्रृंखला आयोजित करके वित्तीय साक्षरता का मार्ग प्रशस्त करने के लिए तैयार है जिसका उद्देश्य शिक्षकों को उनकी वित्तीय समझ को विससित करने के लिए बढ़ावा देने के लिए सशक्त बनाना है और अंतत: जो संभावित प्रगतिशील भविष्य की दिशा में भारत की यात्रा में योगदान करने में मदद कर सकता है इस पहल का उद्देश्य देहरादून में 975 से अधिक सीबीएसई शिक्षकों के बीच वित्तीय साक्षरता के बारे में शिक्षित करना और जागरूकता पैदा करना है। इनमें 50 प्रतिशत महिलाओं के होने की उम्मीद है जो समान वृद्धि और विकास को बढ़ावा देने पर जोर देती है कोटक म्यूचुअल फंड के मार्केटिंग और एनालिटिक्स डिजिटल बिजनेस प्रमुख किंजल शाह ने बताया इस निवेशक शिक्षा और जागरूकता कार्यक्रम सीखो पैसे की भाषा के माध्यम से हम वित्तीय सशक्तिकरण के लिए गहराई से प्रतिबद्ध हैं हमारा मानना है कि शिक्षक हमारे देश की नियति को आकार देने और नई पीढ़ी को ढालने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सीबीएसई के साथ हमारी साझेदारी वित्तीय साक्षरता और निवेश के बारे में सम्मानित शिक्षकों को शिक्षित करने और जागरूकता पैदा करने के लिए है सामूहिक रूप से, हम एक ऐसे भविष्य को आकार दे सकते हैं जहां वित्तीय रूप से जागरूक शिक्षक अर्थव्यवस्था को बेहतर बनाने में मदद कर सकते हैं।
निर्मल आश्रम दीपमाला पब्लिक स्कूल की प्रिंसिपल ललिता कृष्णास्वामी ने कहा हमें शिक्षकों के बीच वित्तीय साक्षरता फैलाने के उनके दृष्टिकोण में कोटक म्यूचुअल फंड और सीबीएसई का समर्थन करने में बेहद खुशी हो रही है। यह कार्यक्रम हमारे शिक्षकों को उनकी निवेश यात्रा के लिए आवश्यक बहुमूल्य जानकारी और उपकरणों से सुसज्जित करता है। हमें शिक्षकों के बीच वित्तीय साक्षरता और कुशल बचत प्रथाओं को बढ़ावा देने में भूमिका निभाने पर गर्व है इस पहल के हिस्से के रूप में, कोटक म्यूचुअल फंड ने सेंटर फॉर इन्वेस्टमेंट एजुकेशन एंड लर्निंग से 500 से अधिक कुशल प्रशिक्षकों को अपने साथ जोड़ा है, जो यह सुनिश्चित करते हुए कि पूरे कार्यक्रम में गुणवत्ता और प्रासंगिकता बरकरार रखी जाए, प्रभावशाली सत्रों का नेतृत्व करेंगे।

### शक्ति पम्पस को मिला पीएम-कुसुम-स्कीम-कम्पोनेन्ट -सी का पहला कमर्शियल ऑर्डर

**देहररादून।** रिन्युएबल एनर्जी क्षेत्र में प्रमुख कंपनी शक्ति पंप्स को अजमेर विद्युत वितरण निगम के द्वारा पीएम-कुसुम स्कीम कम्पोनेन्ट-सी के तहत अपना पहला 149.7 करोड़ रुपये का कमर्शियल ऑर्डर प्राप्त हुआ। यह महत्वपूर्ण उपलब्धि सौलर एनर्जी के उपयोग के लिए भारत की प्रतिबद्धता को दशार्ती है जो ऊर्जा और कृषि पद्धतियों को आत्मनिर्भर भारत बनाने की दिशा में कार्य करती है। इस परियोजना में अकुशल विद्युत पंपों को बीएलडीसी सोलर पंपसेटों से बदला जाएगा जहां पंपसेट सौलर एनर्जी के माध्यम से उत्पन्न बिजली पर चलेंगें और शेष बिजली को ग्रिड में भेजा जा सकेगा।

## पुलिस ने बाइक और चाकू के साथ चोर दबोचा

**हरिद्वार।** पथरी थाना पुलिस ने एक चोर को चोरी की बाइक और चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। इस मामले में पुलिस ने आज एक्कड़ नाले के पास से एक आरोपित को गिरफ्तार कर उसके पास से एक चाकू व चोरी की बाइक बरामद की है। पूछताछ में आरोपित ने बाइक को ज्वालापुर कोतवाली क्षेत्र से चोरी किए जाने व पथरी क्षेत्र से मोबाइल छीनने की बात कबूली। पुलिस ने आरोपित सावेज पुत्र मुर्तजीम निवासी गाडोवाली थाना पथरी जनपद हरिद्वार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसका चालान कर दिया है। गौरतलब है कि नरेंद्र पुत्र मदन निवासी बहादुरपुर जट थाना पथरी ने अज्ञात के खिलाफ मोबाइल छीनने के संबंध में तहरीर

# तीन सौ से अधिक सीसीटीवी कैमरे खंगालने के बाद महिला के हत्यारे तक पहुंची पुलिस



**टीम एक्शन इंडिया/हरिद्वार** शहर कोतवाली क्षेत्र में हिल बाइपास रोड रबर फैक्टरी के सामने जंगल में मिले महिला के शव के मामले में पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। मामले के खुलासे के लिए एसएसपी ने 7 टीमों का गठन किया था। जानकारी के मुताबिक 29 सितम्बर को शहर कोतवाली क्षेत्र में हिल बाइपास रोड रबर फैक्टरी के सामने जंगल में एक महिला का शव पड़े होने की पुलिस को सूचना मिली। सूचना मिलते पुलिस मौके पर पहुंची, जहां क महिला का शव अर्धनग्न अवस्था में पड़ा हुआ था। प्रथम दृष्ट्या महिला को उसी के पहने गए कपड़े व नाड़े से गला घोंट कर मारा गया था। घटनास्थल के आसपास तलाश करते हुए महिला की शिनाख्त के प्रयास किये गये, लेकिन घटनास्थल पर घटना के संबंध में कोई साक्ष्य नहीं मिल पाया। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसएसपी प्रमेन्द्र डोबाल ने घटना के खुलासे के लिए 07 टीमें गठित कर मॉनिटरिंग की कमान स्वयं सम्भाली। पुलिस ने आसपास के सरहदी जनपदों से मृतका की शिनाख्त के प्रयास किए और आसपास के स्थानीय लोगों से अज्ञात शव के संबंध में पूछताछ की। सोशल मीडिया के माध्यम से महिला की पहचान के प्रयास किए। घटनास्थल के आसपास तथा शहर के अन्य जगहों पर लगे करीब 300 सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण किया। घटनास्थल के आसपास एक्टिवेट मोबाइल नम्बर धारकों की पड़ताल की व ई-रिक्शा, पैडल रिक्शा, टैक्सी ड्राइवरों से महिला के सम्बन्ध में पूछताछ की। पुलिस ने ही 300 से अधिक सीसीटीवी कैमरे फुटेज चेक किए। करीब 500 से अधिक लोगों से पूछताछ करते हुए 400 से अधिक संदिग्ध मोबाइल नंबरों की कॉल डिटेल निकालकर उनका अवलोकन किया। लगभग 200 धर्मशाला एवं 300 से अधिक होटलों में पूछताछ के साथ ही एक छोटे से सुराग की तलाश में लगभग 800 रिक्शा एवं ई-रिक्शा वालों वालों से महिला के संबंध में पूछताछ की गई। आखिरकार मृतक महिला के हुलिए से मिलती-जुलती एक महिला किसी कैमरे में हरकी पैड़ी क्षेत्र में एक पुरुष के साथ दिखाई दी। सुराग पर आगे बढ़ते हुए पुलिस ने अन्य जानकारी जुटाते हुए महिला की पहचान कर रविवार को मुखबिर की सूचना पर आरोपित करन उर्फ सागर को रोड़ी बेलवाला के पास से गिरफ्तार कर लिया।
पूछताछ के दौरान आरोपित ने बताया कि मृतका करन की दूसरी पत्नी थी। मृतका करन से पूर्व भी तीन शादी कर चुकी थी। मृतका के हरेक पति से एक-एक बच्चा (कुल 04 बच्चे) थे। आरोपित को पत्नी के चाल चलन पर शक था और इसे सुधारने के लिए कई बार समझाने पर भी पत्नी के हरकतों से बाज न आने पर आरोपित ने ये खौफनाक योजना तैयार की।

# चाकू के साथ एक दबोचा, कब्जे से चोरी

**हरिद्वार।** ज्वालापुर कोतवाली पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक व्यक्ति को अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित के पास से चोरी के चार मोबाइल भी बरामद किए हैं। ज्वालापुर पुलिस रात्रि में रूटीन चेकिंग अभियान पर थी। इसी दौरान पुलिस को एक व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में घूमते हुआ दिखा। आरोपित की तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक चाकू व 04 मोबाइल फोन बरामद हुए। पूछताछ में आरोपित ने मोबाइल फोन को जगजीतपुर थाना कनखल से शराब के ठेके के पास भीड़भाड़ वाले इलाके से चोरी किए जाने की बात कबूली। आरोपित ने अपना नाम सलमान पुत्र नसीर अहमद निवासी इन्द्रा बस्ती लाल मंदिर कॉलोनी



कोतवाली ज्वालापुर हरिद्वार बताया। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकद्मा दर्ज कर उसका चालान कर दिया है।

## केंद्रीय गृह मंत्री के सुझावों पर तेजी से अमल होगा : मुख्यमंत्री धामी

**देहरादून, 09 अक्टूबर (हि.स.)। मुख्यमंत्री** पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि केंद्रीय गृह मंत्री के सुझावों पर सरकार तेजी से अमल करेगी। राज्य के विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक में लिए गए निणर्य प्रदेश के लिए हितकारी हैं। सोमवार को मीडिया से बातचीत में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को अपने उत्तराखंड दौरे के व्यस्ततम कार्यक्रम में जिस तरह से राज्य के विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक की और राज्य हित में इस दौरान जो निर्णय लिए उसके लिए उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री का आभार प्रकट किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री की

# 16 लाख की धोखाखड़ी करने वाले दो आरोपित गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून।**
गिफ्ट भेजने के नाम पर लाखों की धोखाधड़ी करने वाले गैंग के मास्टरमाइंड सहित दो लोगों को एसटीएफ की साइबर क्राइम पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। एसटीएफ के अनुसार आरोपितों के पास से कई चेकबुक और पासबुक के अलावा एटीएम कार्ड लैपटाप, आधार और पैन कार्ड भी बरामद किये हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसटीएफ आयुष अग्रवाल ने सोमवार को धोखाधड़ी की इस वारदात का खुलासा करते हुए बताया कि धोखाधड़ी के एक प्रकरण में कोतवाली लक्सर जनपद हरिद्वार को शिकायत मिली थी।शिकायतकर्ता राजकुमार निवासी लक्सर वार्ड नम्बर 5 कोतवाली लक्सर को फेसबुक व व्हाट्सएप के माध्यम से सम्पर्क कर खुद को कैथोलिक नन बताते हुए दोस्ती कर चैट की और शिकायतकर्ता के काम से प्रभावित होकर गिफ्ट (घड़ी,आईफोन 13, आई पैड, एप्पल लैपटॉप सोनी की माला व 50000 डॉलर) भेजने का लालच दिया। पार्सल को इन्टरनेशनल एयरपोर्ट पर भिजवाने व पार्सल छुड़वाने को भिन्न-भिन्न ट्रांजेक्शन के माध्यम से कुल 15,71,820 रुपये की धोखाधड़ी की थी। पुलिस ने सम्बन्धित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर इसकी विवेचना मुख्यालय के आदेशानुसार साइबर थाने के सुपुर्द कर दी। साइबर थाना पुलिस ने इस मामले के आरोपितों को गिरफ्तार करने के लिए एक टीम का गठन किया गया। विस्तृत तकनीकी जांच के बाद संदिग्ध आरोपितों का बहराइच उ.प्र. से सम्बन्ध होना पाया गया। साइबर पुलिस ने अथक प्रयास के बाद इस गैंग के मुख्य सरगना सहित दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया, जिनके नाम शिवम तिवारी (22) पुत्र मुल्कराज तिवारी निवासी ग्राम फकरपुर बहराइच यूपी व रामनरेश (23) पुत्र मिश्री लाल निवासी ग्राम परसीपुरवा थाना मुर्तीआ जनपद बहराइच उ.प्र. बताए गए। उनके कब्जे से साइबर क्राइम पुलिस ने घटना में प्रयुक्त विभिन्न बैंकों की 14 चेक बुक, विभिन्न बैंकों की 6 पासबुक, विभिन्न बैंकों के 6 एटीएम कार्ड , 1 लैपटॉप एचपी कम्पनी, आधार कार्ड और पैन कार्ड आदि बरामद किये गये हैं।

## 'एशियाई खेलों में 107 पदक पूरे देश का सम्मान'

**देहरादून।** एशियाई खेलों में 107 पदकों की ऐतिहासिक संख्या का आना खेल ही नही पूरे देश के सम्मान का विषय है। यह बात भारतीय जनता युवा मोर्चा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नेहा जोशी ने कही।उनके साथ युवा मोर्चा के प्रदेश महामंत्री विपुल मेंदोली भी उपस्थित थे। भाजपा प्रदेश मुख्यालय में पत्रकार वार्ता में भारतीय जनता युवा मोर्चा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नेहा जोशी ने कहा कि कहा कि जिस तरह से एशियाई गेम में देश के खिलाड़ियों ने देश का नाम रोशन किया है। ऐसे में प्रदेश के प्रतिभावान खिलाड़ियों को एक मंच देने के लिए बड़े कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।



एसडीआरएफ ने सोमवार को सतपुली के पास नयार नदी में एक शव बरामद किया है। एएसआई शेखरचंद जोशी के नेतृत्व में गई एसडीआरएफ टीम ने नयार नदी से शव बरामद किया। शव की पहचान सुरेंद्र गोस्वामी पुत्र मोहन गिरी गोस्वामी के रूप में हुई है। वह चार-पांच दिनों से लापता था।

# श्राद्ध कर्म का विशेष महत्वः कैसे शुरू हुई श्राद्ध परंपरा और किसने किया था पहला श्राद्ध?

**टीम एक्शन इंडिया/हरिद्वार**
सनातन धर्म में पितरों के निमित्त किए जाने वाले श्राद्ध कर्म का विशेष महत्व है। मान्यता है कि पितृ पक्ष में श्राद्ध करने से पूर्वज तृप्त होते हैं और वे आशीर्वाद देते हैं। श्राद्ध के बारे में अनेक धर्म ग्रंथों में कई बातें कही गई हैं। महाभारत के अनुशासन पर्व में भी भीष्म पितामह ने युधिष्ठिर को श्राद्ध के संबंध में कई ऐसी बातें बताई हैं, जो वर्तमान समय में बहुत कम लोग जानते हैं। महाभारत में ये बताया गया है कि श्राद्ध की परंपरा कैसे शुरू हुई और फिर कैसे ये धीरे-धीरे जनमानस तक पहुंची। श्राद्ध से संबंधित कुछ ऐसी बातें हैं, जिनके संबंध में जानना जरूरी है। इस संबंध में ज्योतिषाचार्य पं. देवेन्द्र शुक्ल शास्त्री ने जानकारी दी।
**निमि ने शुरू की श्राद्ध की परंपरा-** ज्योतिषाचार्य पं. देवेन्द्र ने बताया कि महाभारत के अनुसार, सबसे पहले श्राद्ध का उपदेश महर्षि निमि को महातपस्वी अत्रि मुनि ने दिया था। इस प्रकार पहले निमि ने श्राद्ध का आरंभ किया। उसके बाद अन्य महर्षि भी श्राद्ध करने लगे। धीरे-धीरे चारों वर्णों के लोग श्राद्ध में पितरों को अन्न देने लगे। लगातार श्राद्ध का भोजन करते-करते देवता और पितर पूर्ण तृप्त हो गए।
**पितरों को हो गया था अजीर्ण रोग-**श्राद्ध का भोजन लगातार करने से पितरों को अजीर्ण (भोजन न पचना) रोग हो गया और इससे उन्हें कष्ट होने लगा। तब वे ब्रह्माजी के पास गए और उनसे कहा कि श्राद्ध का अन्न खाते-खाते हमें अजीर्ण रोग हो गया है, इससे हमें कष्ट हो रहा है, आप हमारा कल्याण कीजिए। देवताओं की बात सुनकर ब्रह्माजी बोले आपका कल्याण करेंगे। अग्निदेव बोले देवताओं और पितरों। अब से श्राद्ध में हम लोग साथ ही भोजन किया करेंगे। मेरे साथ रहने से आप लोगों का अजीर्ण दूर हो जाएगा। यह सुनकर देवता व पितर प्रसन्न हुए। इसलिए श्राद्ध में सबसे पहले अग्नि



का भाग दिया जाता है।
**पहले पिता को देना चाहिए पिंड-** महाभारत के अनुसार, अग्नि में हवन करने के बाद जो पितरों के निमित्त पिंडदान दिया जाता है, उसे ब्रह्मराक्षस भी दूषित नहीं करते। श्राद्ध में अग्निदेव को उपस्थित देखकर राक्षस वहां से भाग जाते हैं। सबसे पहले पिता को, उनके बाद दादा को उसके बाद परदादा को पिंड देना चाहिए। यही श्राद्ध की विधि है। प्रत्येक पिंड देते समय एकाग्रचित्त होकर गायत्री मंत्र का जाप तथा सोमाय पितृमते स्वाहा का उच्चारण करना चाहिए।
**कुल के पितरों को करें तृप्त-** शास्त्री के मुताबिक रजस्वला स्त्री को श्राद्ध का भोजन तैयार करने में नहीं लगाना चाहिए। तर्पण करते समय पिता-पितामह आदि के नाम का स्पष्ट उच्चारण करना चाहिए। किसी नदी के किनारे पहुंचने पर पितरों का पिंडदान और तर्पण अवश्य करना चाहिए। पहले अपने कुल के पितरों को जल से तृप्त करने के पश्चात मित्रों और संबंधियों को जलांजलि देनी चाहिए। चितकबरे बैलों से जुती हुई गाड़ी में बैठकर नदी पार करते समय बैलों की पूंछ से पितरों का तर्पण करना चाहिए, क्योंकि पितर वैसे तर्पण की अभिलाषा रखते हैं।
**अमावस्या पर जरूर करना चाहिए श्राद्ध-** नाव से नदी पार करने वालों को भी पितरों का तर्पण करना चाहिए। जो तर्पण के महत्व को जानते हैं, वे नाव में बैठने पर एकाग्रचित्त हो अवश्य ही पितरों का जलदान करते हैं। कृष्णपक्ष में जब महीने का आधा समय बीत जाए, उस दिन अर्थात अमावस्या तिथि को श्राद्ध अवश्य करना चाहिए।
**इसलिए रखना चाहिए पितरों को प्रसन्न-** पितरों की भक्ति से मनुष्य को पुष्टि, आयु, वीर्य और धन की प्राप्ति होती है। ब्रह्माजी, पुलस्त्य, वशिष्ठ, पुलह, अंगिरा, क्रतु और महर्षि कश्यप ये सात ऋषि महान योगेश्वर और पितर माने गए हैं। मरे हुए मनुष्य अपने वंशजों द्वारा पिंडदान पाकर प्रेतत्व के कष्ट से छुटकारा पा जाते हैं।
**ऐसे करना चाहिए पिंडदान-** महाभारत के अनुसार, श्राद्ध में जो तीन पिंडों का विधान है, उनमें से पहला जल में डाल देना चाहिए। दूसरा पिंड श्राद्धकर्ता की पत्नी को खिला देना चाहिए और तीसरे पिंड को अग्नि में छोड़ देना चाहिए, यही श्राद्ध का विधान है। जो इसका पालन करता है उसके पितर सदा प्रसन्नचित्त और संतुष्ट रहते हैं और उसका दिया हुआ दान अक्षय होता है।

संपादकीय

# योगी का सहयोगी संघवाद

**योगी स**रकार ने उत्तर प्रदेश की एक नई और चमकदार तस्वीर प्रस्तुत की है। यह नए भारत का नया उत्तर प्रदेश है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को आत्मनिर्भर और विकसित बनाने का संकल्प लिया है। संकल्प को सिद्ध करने की दिशा में निरन्तर प्रयास चल रहे हैं। उत्तर प्रदेश देश की इस विकास यात्रा में भी सर्वाधिक उल्लेखनीय योगदान दे रहा है। प्रदेश सरकार हर तबके को बिना भेदभाव के योजनाओं का लाभ दे रही है। पहले की सरकारें कुछ खास क्षेत्रों पर ध्यान देती थीं, जबकि वर्तमान सरकार बिना भेदभाव के पूरे प्रदेश को योजनाओं से लाभान्वित कर रही है। उत्तर प्रदेश डिफेंस इण्डस्ट्रियल कॉरिडोर में छह नोड्स विकसित किए जा रहे हैं। बुंदेलखंड में पेयजल की समस्या के निदान के लिए हर घर नल योजना लाई गई है। पात्र लोगों को आयुष्मान भारत योजना से जोड़ते हुए गोल्डन कार्ड प्रदान किए जा रहे हैं। केन्द्र सरकार के सहयोग से प्रदेश सरकार सभी गरीबों को निःशुल्क पक्के घर उपलब्ध करा रही है। प्रदेश में दो करोड़ इकसठ लाख परिवारों को शौचालय उपलब्ध कराए गए हैं। प्रदेश के सभी जनपदों में निर्बाध विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है। प्रदेश के सभी जनपदों में निर्बाध विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है। आज राष्ट्रीय फलक पर एक ऐसा उत्तर प्रदेश उभरकर आया है, जिसकी छवि बीमारू राज्य की नहीं, बल्कि एक ऐसे विकासशील राज्य की है जो भारत की प्रगति में बढ़-चढ़कर अपना योगदान दे रहा है। छह साल से उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था, तकनीक, डिजिटल इंडिया, कृषि क्षेत्र में प्रौद्योगिकी का उपयोग, तकनीक के माध्यम से भ्रष्टाचार को कम करने व व्यवसाय का उपयुक्त माहौल प्रदान करने में की गई प्रगति सम्बन्धी काम को प्रदर्शित करने का सुअवसर मिला।
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के टीम इंडिया विजन से सहकारी संघवाद की अवधारणा साकार हो रही है। मध्य क्षेत्रीय परिषद सहकारी संघवाद को सुदृढ़ करते हुए प्रधानमंत्री के एक भारत, श्रेष्ठ भारतह्ल के संकल्प को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान देती रहेगी। सहकारी संघवाद की एक अभिव्यक्ति क्षेत्रीय परिषद भी है। गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कुशल नेतृत्व प्रदान करते हुए क्षेत्रीय परिषदों को सक्रिय किया है। उत्तर प्रदेश अगले पांच वर्षों में अपनी अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन डॉलर का आकार देने की रणनीति पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। उत्तर प्रदेश देश में गन्ना, चीनी और एथनॉल उत्पादन में प्रथम स्थान पर है। स्मार्ट गन्ना किसान के माध्यम से ऑनलाइन पर्ची सिस्टम लागू किए जाने पर भारत सरकार द्वारा ई-गवर्नेंस पुरस्कार प्रदान किया गया है। छह वर्षों में दो लाख 17 हजार करोड़ रुपये से अधिक का रिकॉर्ड गन्ना मूल्य भुगतान किया गया है। दो करोड़ 62 लाख कृषकों किसान सम्मान निधि प्रदान की जा रही है। इसमें देश में उत्तर प्रदेश अव्वल है। ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को उनकी संपत्ति का मालिकाना हक दिलाने और उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से स्वामित्व योजना संचालित है। ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को उनकी सम्पत्ति का मालिकाना हक दिलाने और उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से स्वामित्व योजना संचालित है।

# संबंधों के बीच पिसते खून के रिश्ते

प्रियंका सौरभ

> असल में आज की भौतिकतावादी दुनिया में हम संबंधों और रिश्तों की महत्ता को भूल चुके हैं। आज हम में से बहुतों के लिए रिश्तों का कोई महत्त्व नहीं। ऐसे लोग संबंधों को महत्त्व देने लगे हैं। और आश्चर्य की बात ये कि ऐसा उन लोगों के बीच भी होने लगा है जिनका रिश्ता पावनता के साथ आपस में जोड़ा गया है। माता-पिता, भाई-बहिन आदि रक्त-सम्बन्धियों के अलावा एक रिश्ता आपस में सामाजिक रूप से इस तरह निर्मित किया गया है जो पावनता में, विश्वास में किसी भी रिश्ते से पीछे नहीं बैठता है। पति-पत्नी के रूप में बनाया गया यह रिश्ता भी आज कसौटी पर खड़ा कर दिया गया है। आये दिन इस रिश्ते को भी परीक्षा देनी पड़ती है। कभी इन दोनों को आपस में और कभी इन दोनों को सामाजिक रूप में तो कभी इनको पारिवारिक रूप में।

**आज** हम में से बहुतों के लिए खून के रिश्तों का कोई महत्त्व नहीं। ऐसे लोग संबंधों को महत्त्व देने लगे हैं। और आश्चर्य की बात ये कि ऐसा उन लोगों के बीच भी होने लगा है जिनका रिश्ता पावनता के साथ आपस में जोड़ा गया है। वैसे तो हमारे सामाजिक संबंधों और सगे रिश्तों में खूनी जंग का एक लंबा इतिहास रहा है। पर पहले इस प्रकार की घटनाएं राजघरानों के आपसी स्वार्थों के टकराने तक सीमित रहती थीं। लेकिन अब यह मुद्दा और भी गंभीर हो गया है, क्योंकि अब छोटे-छोटे निजी स्वार्थों को लेकर रक्त संबंधों अथवा नातेदारी संबंधों की बलि चढ़ाने में आमजन भी शामिल हो गए हैं। वर्तमान की इस सच्चाई को प्रस्तुत करने में कोई हिचक नहीं कि तकनीकी मूल्यो, पूंजी के जमाव, आक्रामक बाजार, सूचना तकनीकी के साथ में सोशल मीडिया से बढ़ती घनिष्ठता जैसे कारकों के फैलाव के सामने परिवार, समुदाय तथा इनमें समाहित सामाजिक रिश्ते बौने नजर आ रहे हैं। इसलिए सामाजिक रिश्तों में टूटन की तीव्रता वास्तव में हमारी चिंता का विषय है।
पारिवारिक मूल्यों के छीजते जाने का रोना हर तरफ सुनाई देता है, पर इसकी तह में जाने की जरूरत है। क्या विकास की हमारी मौजूदा सोच से इसका कोई नाता नहीं है। आज सामाजिक संबंधों के साथ-साथ परिवार के आत्मीय रिश्तों से जुडे सरोकार भी बहुत कमजोर पड़ रहे हैं। सही बात यह है कि इस वैश्विक दौर में रक्त संबंधों के साथ में अब नातेदारी तथा रिश्ते भी स्वार्थ की आग में झुलसने को मजबूर हैं। परिवार के आत्मीय संबंधों पर चोट करने वाली तमाम घटनाएं आज देखने में आ रही हैं। समाज वैज्ञानिकों के लिए ये घटनाएं आज संयुक्त परिवार की टूटन, रक्त संबंधों में बिखराव तथा रातों-रात सफलता के उच्च शिखर पर पहुंचने की लालसा जैसे कारणों के चलते सामाजिक संबंधों में बदलाव की तेज चाल को भी महसूस करा रही हैं। वैसे तो हमारे सामाजिक संबंधों और सगे रिश्तों में खूनी जंग का एक लंबा इतिहास रहा है। पर पहले इस प्रकार की घटनाएं राजघरानों के आपसी स्वार्थों के टकराने तक सीमित रहती थीं। लेकिन अब यह मुद्दा और भी गंभीर हो गया है, क्योंकि अब छोटे-छोटे निजी स्वार्थों को लेकर रक्त संबंधों अथवा नातेदारी संबंधों की बलि चढ़ाने में आमजन भी शामिल हो गए हैं। वर्तमान की इस सच्चाई को प्रस्तुत करने में



कोई हिचक नहीं कि तकनीकी मूल्यो, पूंजी के जमाव, आक्रामक बाजार, सूचना तकनीकी के साथ में सोशल मीडिया से बढ़ती घनिष्ठता जैसे कारकों के फैलाव के सामने परिवार, समुदाय तथा इनमें समाहित सामाजिक रिश्ते बौने नजर आ रहे हैं। इसलिए सामाजिक रिश्तों में टूटन की तीव्रता वास्तव में हमारी चिंता का विषय है। वर्तमान की इस तेजी ते से भागती जिंदगी के मद्देनजर अब यह बहस चल पड़ी है कि क्या सामाजिक रिश्तों में अभी और कड़वाहट बढेगी? क्या भविष्य में विवाह और परिवार का सामाजिक-वैधानिक ढांचा बच पाएगा? क्या बच्चों को परिवार का वात्सल्य, संवेदनाओं का अहसास, मूल्मूयों तथा संस्कारों की सीख मिल पाएगी? क्या आने वाले समाजों में एकल परिवार के साथ में लिव-इन जैसेसंबंध ही जीवन की सच्चाई बन कर उभरेंगे? क्या इन रिश्तों की टूटन को बदलाव की स्वाभाविक प्रक्रिया माना जाए या इसे वैश्विक समाज के बदलाव की बयार समझा जाए? ये आज के कुछ ऐसे ज्वलंत प्रश्न हैं, जिनका जवाब खोजना समय की मांग है। एकल परिवार व धन की चाहत में यहां अपने ही जान के दुश्मन बन गए हैं। कोई मां-बाप अपने बेटे व बहू से तंग आकर आत्महत्या का निर्णय कर रहा है। कोई बेटा कुछ रुपये के लिए बाप का ही कत्ल कर दे रहा है। मां-बाप की पेंशन की खातिर भाई-भाई आपस में लड़ रहे हैं। एकल परिवार की चाह बढ़ रही है। बिना परिश्रम के ही कम समय में अमीर बनने की लालसा लोगों को गलत राह पर ले जा रही है। इसमें बुजुर्ग अपने को असहाय महसूस कर रहे हैं। सम्बन्ध क्या हैं? रिश्ते क्या हैं? रिश्तों और संबंधों में आपसी सामंजस्य, साहचर्य किस तरह का है? क्या रिश्ते और सम्बन्ध एक ही हैं? क्या रिश्ते और सम्बन्ध आपस में एकसमान भाव रखते हैं? ये ऐसे सवाल हैं जो आये दिन दिमाग में उलझन तो पैदा ही करते हैं, दिल में भी उथल-पुथल मचाते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि कई बार हम संबंधों को लेकर सजग होते हैं और कई बार रिश्तों का महत्त्व नहीं समझते हैं। इसके अलावा बहुत बार ऐसा भी होता है कि किसी व्यक्ति के लिए संबंधों के साथ-साथ रिश्तों की भी महत्ता होती है। इसके साथ-साथ समाज में ऐसे लोगों से भी सामना होता है जिनका सम्बन्ध सिर्फ उन्हीं लोगों से अधिक होता है जो उनके साथ किसी न किसी तरह का रिश्तेनुमा व्यवहार रखते हैं। वर्तमान स्थितियों को देखते हुए आज बहुतेरे लोग रिश्तों के साथ संबंधों को अहमियत देते दिखाई देते हैं जबकि बहुत से लोग संबंधों को तवज्जो देते हैं। यहाँ समझने का विषय मात्र इतना है कि किसी के लिए भी संबंधों और रिश्तों में अंतर कैसा है? इन दोनों शब्दों की परिभाषा उसके लिए किस स्तर की है? असल में आज की भौतिकतावादी दुनिया में हम संबंधों और रिश्तों की महत्ता को भूल चुके हैं। आज हम में से बहुतों के लिए रिश्तों का कोई महत्त्व नहीं। ऐसे लोग संबंधों को महत्त्व देने लगे हैं। और आश्चर्य की बात ये कि ऐसा उन लोगों के बीच भी होने लगा है जिनका रिश्ता पावनता के साथ आपस में जोड़ा गया है। माता-पिता, भाई-बहिन आदि रक्त-सम्बन्धियों के अलावा एक रिश्ता आपस में सामाजिक रूप से इस तरह निर्मित किया गया है जो पावनता में, विश्वास में किसी भी रिश्ते से पीछे नहीं बैठता है। पति-पत्नी के रूप में बनाया गया यह रिश्ता भी आज कसौटी पर खड़ा कर दिया गया है। आये दिन इस रिश्ते को भी परीक्षा देनी पड़ती है। कभी इन दोनों को आपस में और कभी इन दोनों को सामाजिक रूप में तो कभी इनको पारिवारिक रूप में।

समय के साथ माता-पिता, भाई-बहिन आदि से दूरी बनती जाती है, भले ही ये दूरी दिल से न बने मगर ऐसा अपने रोजगार, कारोबार या अन्य कार्यों के चलते भौगोलिक रूप से अवश्य ही हो जाता है। जब हम परिवार संस्था के रूप में संबंधों का निरूपण करते हैं तो सहयोग,सामंजस्य व त्याग अपरिहार्य शर्त है। एक मां बच्चे के लिये तमाम तरह के त्याग करती है। पिता खून-पसीने की कमाई से उसका संबल बनकर बच्चे के भविष्य को संवारते हैं। तो ऐसा संभव नहीं है कि विवाह के उपरांत उनके दायित्वों से बेटा विमुख हो जाए। कहीं न कहीं नई पीढ़ी में वह धैर्य तिरोहित हो चला है जो रिश्तों के सामंजस्य की अपरिहार्य शर्त हुआ करता था। निस्संदेह, वैवाहिक रिश्तों में हर व्यक्ति को उसका स्पेस, आत्मसम्मान, आर्थिक आजादी और बेहतर भविष्य के लिये पढ़ने-लिखने का अवसर मिलना चाहिए। लेकिन यह परिवार की कीमत पर नहीं हो सकता। हम अपने परिवार में रिश्तों की कई परतों में गुंथे होते हैं। एक व्यक्ति पुत्र,पिता,भाई और पति की भूमिका में होता है। उसे सभी संबंधों में अपनी भूमिका का निर्वहन करना होता है। जाहिर है एक लड़का और लड़की दो अलग पारिवारिक पृष्ठभूमि और संस्कारों के बीच पले-बढ़े होते हैं। फिर एक परिवार में भी एक भाई व बहन के सोच-विचार और दृष्टिकोण भिन्न हो सकते हैं। भारतीय समाज में रिश्तों को सींचने की सनातन परंपरा सदियों से चली आ रही है। हम अपने माता-पिता के प्रति दायित्वों का निर्वाह करते हैं तो उससे संस्कार हासिल करके नई पीढ़ी उसका अनुकरण-अनुसरण करती है। यही सामाजिकता का तकाजा भी है। इन रिश्तों का निर्वाह एक-दूसरे के आत्मसम्मान और भावनाओं का सम्मान करते हुए ही संभव है। जैसे कहावत भी है कि पांचों उंगलियां बराबर नहीं होती, उसी तरह हर व्यक्ति दूसरे व्यक्ति से भिन्न हो सकता है।

कविता

## ईश्वर सब पर एक साथ मेहरबान है'

वह दूसरों की खुशहाली से परेशान है,
दुनिया की चमक धमक से हैरान है'

खुद ने कभी ईमान का पसीना बहाया नहीं,
बिना श्रम के भला कोई बना धन
वान है'

धन की लिप्सा चाहत किसे नहीं होती'
बनना पहले हमें,अच्छा इंसान है'

जग की रीत जिसने खोया उसी ने पाया है,
यहीं धरती पर ही दीन और ईमान है'

दूसरों की शान शौकत देख यह न सोचो,
उसका भाग्य सदैव कितना बलवान है'

जो जग में चमकता सितारा दिखता है,
सफलता के पीछे लुटा दी दिलों-जान है'

आकाश में बह रहीं बहुत गर्म हवाएं हैं'
दुआ है अमन से रहे, हमारा सारा जहान है'

चार दिन की चांदनी फिर अंधेरी रात है,
फिर तू क्यों इसी में इतना हैरान है'

गहन अंधेरों के बाद रोशनी होती ही है संजीव,
मत हो हलकान,ईश्वर सब पर एक सा
मेहरबान है।

संजीव

# इजराइल-फिलिस्तीन युद्ध त्रासदी की ओर

**संजीव**

**ईरान के** इशारे और उकसाने पर हमास ने पूरी तैयारी के साथ इसराइल के कई शहरों पर शनिवार की सुबह-सुबह 5000 रॉकेट से हमला बोलकर लगभग 700 नागरिकों और सैन्य तथा पुलिस के अधिकारियों सहित हत्या कर दी है साथ ही लगभग ढाई हजार लोग जख्मी भी हुए हैं। हमास एक पिलिस्तीनीआतंकवादी संगठन है जिसमें लगभग 25000 लडाके शामिल है। ईरान, पाकिस्तान और तुर्की समर्थित हमास उग्रवादी यह कभी नहीं चाहते थे कि अमेरिकी मध्यस्थता के फल स्वरुप इसराइल और सऊदी अरब सहित अन्य देशों के बीच संबंध अच्छे बने वह उसका लगातार विरोध करता आया है। हमास द्वारा यह भी दावा किया गया है कि उसने 50 इजरायली सैन्य अधिकारियों का अपहरण भी कर लिया है। इधर इसराइल ने भी दावा किया है कि उसने जवाबी हमले में लगभग 500 उग्रवादियों को मार गिराया है। न्यूज एजेंसी के अनुसार हमास ने जो इजरायली लोगों को बंधक बनाया है उनके बदले वह अपने उन आतंकवादियों की रिहाई करवाना चाहता है जो इजरायल के कब्जे में है ।हमास के लिए यह आक्रमण उसकी प्रतिष्ठा से जुड़ा हुआ है। हमास के इस भयानक हमले से इसराइल के नागरिक गहरे सदमे में है वह इसी तरह सदमे में है जैसे 9/11 के सदमे में अमेरिकी सहम गए थे। इसराइल के प्रधानमंत्री पर पहले से दबाव था कि हमास के विरुद्ध हमला कर उसे पर आक्रमण करें पर पर इसराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेत्यनाहू इस आक्रमण से बचते रहे हैं पर अब हमास के इसराइल पर अमानवीय हमले के खिलाफ इसराइल के लोग भरपूर जवाब देने की मानसिक स्थिति में पहुंच चुके हैं। यह तो तय है कि हम आज का यह हमला केवल सशस्त्र संघर्ष नहीं है बल्कि यह एक सैन्य युद्ध की शक्ल में लड़ा जा रहा है और हमास के साथ ईरान, पाकिस्तान, तुर्की खुलकर सामने आ गए। इसराइल ने दावा किया है कि इस बार जो हमास के विरुद्ध युद्ध होगा वह दुश्मनों ने कभी सोचा और देखा नहीं होगा। राष्ट्रीय सुरक्षा अध्ययन के इजरायली संस्थान एवं शोधकर्ता मार्क हीलर के अनुसार इस बार इसराइली नागरिकों पर बहुत बड़ा मनोवैज्ञानिक असर हुआ है उसे देखते हुए इसराइल बदला लेने के लिए कोई भी कीमत चुका सकता है। कुछ विश्लेषक यह मानते हैं कि 50 वर्ष पहले योग कीपर युद्ध की 50वीं वर्षगाठ पर अचानक हमास ने इसराइल के शहरों पर 5000 रॉकेट लॉन्चरों से हमला कर इजराइल में कोहराम मचा दिया है। न्यू यॉर्क टाइम्स के हवाले बताया गया कि अरब युद्ध से भी इस युद्ध की कई समानताएं हैं वर्ष 1973 में मिश्र, सीरिया की तरह इस युद्ध में हमास का लक्ष्य निश्चित रूप से रणनीतिक उद्देश्यों को लेकर है जो इसराइल को मारने अपंग करने से कहीं बढ़कर है। हमास इजरायली लोगों पर जितने भयानक हमले कर रहा है इसका स्पष्ट उद्देश्य विनाशकारी इजरायली प्रतिक्रिया को भड़काना ही है।

विचार

# भारत अमेरिका आतंकवाद के खिलाफ तैयार

किशन भावनानीं गोंदिया

वैश्विक स्तरपर तेजी से बदलते घटनाक्रम में जहां रूस -यूक्रेन युद्ध की समस्या अभी टली नहीं है,बल्कि बढ़ती जा रही है वहीं शनिवार से हमास फिलिसतीन द्वारा इजराइल पर पांच छह हजार से अधिक मिसाइल से हमला कर पूरी दुनियां का ध्यान आकर्षित कर दिया है। आज सोमवार दिनांक 9 अक्टूबर 2023 को देर शामतक प्रिंट इलेक्ट्रानिक व सोशल मीडिया पर इस हमले के अपडेट्स जारी हैं, वहीं इसराइल ने भी आधिकारिक तौर पर युद्ध की घोषणा कर दी है। हालांकि फिलिस्तीनियों और इजरायल यहूदियों का यह मुद्दा बहुत पुराना है, जब अखंड भूमि पर ब्रिटिश राज था उस समय यहूदियों द्वारा अलग क्षेत्र की मांग की गई थी यहीं से यह विवाद प्रारंभ हुआ था। वर्तमान भाव स्थिति शायद पहले कभी नहीं हुई थी। जग जाहिर है कि अमेरिका और भारत सबसे अधिक आतंकवाद के पीड़ित देश हैं। कुछ वर्षों से दोनों की अति नजदीकियां हुई है, अनेक रणनीतिक साझेदारियां भी हुई है और कनाडा भारत विवाद के बावजूद अमेरिका द्वारा शुक्रवार दिनांक 7 अक्टूबर 2023 को अमेरिकी रक्षा मंत्रालय(पेटागन)ने कहा था कि भारत-अमेरिका मजबूत रक्षा साझेदारी बनाए रखने का प्रयास जारी रखेंगे और 8 अक्टूबर 2023 को अल मॉर्निंग में ही अमेरिका के खास प्रिय इसराइल पर हमास के हमले की जानकारी तेजी से सारी दुनियां में फैली जिसपर अमेरिका का तुरंत रिएक्शन आया और रात 12जो बिडेन की प्रतिक्रिया इसराइल का साथ देने की जानकारी दी। वहीं भारत नें भी आतंकवाद के खिलाफ इजराइल का साथ दिन देने का ऐलान व समर्थन किया, जिसपर दिनांक 8 अक्टूबर 2023 को देर शाम इसराइली राजदूत ने कहा समर्थन से वे बेहद उत्साहित हैं। चूंकि आतंकवाद के खिलाफ भारत अमेरिका हमेशा से ही साथ-साथ हैं।इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, अंतरराष्ट्रीय नियम आधारित व्यवस्था और देश की संप्रभुता के संरक्षण में भारत अमेरिका की साझेदारी सराहनीय है। साथियों बात अगर हम हमास इजरायल युद्धकी करें तो,शनिवार को हमास के लड़ाकों द्वारा एक आश्चर्यजनक हमले में गाजा की सीमा का उल्लंघन करने के एक दिन बाद इस्राइल और हमास के बीच लड़ाई तेज हो गई है।हमास के रॉकेट हमलों और जमीनी हमले में मरने वालों की संख्या रविवार को 400 से अधिक हो गई, जबकि 2000 अन्य लोगों के घायल होने की सूचना है। पेपर ऑफ इस्राइल ने अधिकारियों के हवाले से बताया कि गाजा में कई इस्राइलियों को बंधक बना लिया गया था। वहीं एक रिपोर्ट के मुताबिक, ऑपरेशन का पहला चरण हमारे क्षेत्र में घुसने वाली कई दुश्मन ताकतों के खात्मे के साथ समाप्त हो गया था।इस्राइल के पीए ने हमास को कड़ी चेतावनी जारी करते हुए दावा किया कि उसने एक खतरनाक युद्ध शुरू किया है। इस्राइल रक्षा बल (आईडीएफ) उनकी क्षमता को कमजोर करने के लिए अपनी पूरी ताकत का इस्तेमाल करेगा।
साथियों बात अगर हम इस मामले में भारत के रुख की करें तो, इजरायल में हुए हमास आतंकियों के हमले को लेकर तमाम देशों ने इसकी आलोचना की है। वहीं भारत के पीएम ने भी इजरायल को समर्थन दिया। उन्होंने कहा इजरायल में आतंकवादी हमलों की खबर से गहरा धक्का लगा है। इस हमले में मारे लोगों और निर्दोष पीड़ितों और उनके परिवारों के साथ हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं हैं। हम इस कठिन समय में इजरायल के साथ एकजुटता से खड़े है। इस्राइल पर हमास आतंकवादियों द्वारा किए गए हमलों के बीच भारत ने इस्राइल को समर्थन देने की बात कही है। भारत में मौजूद इस्राइल के राजदूत ने रविवार को इस पर प्रतिक्रिया दी। जिसमें उन्होंने कहा कि भारत दुनिया में एक खास महत्व रखता है। भारत का इस्राइल को समर्थन आतंकवाद की गहरी समझ पर आधारित है। साथ ही उन्होंने कहा कि हमारा सोशल मीडिया भारतीय लोगों के समर्थन से भरा पड़ा है।


## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: UTTHIN / 2009 / 31653**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक, राकेश भारद्वाज द्वारा मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से मुद्रित एवं 7/1 बल्लूपुर रोड, डॉ. टी पटनायक के सामने, कृष्णा नगर चौक के पास देहरादून, उत्तराखंड से प्रकाशित। एक्शन इंडिया में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र देहरादून ही होगा।

**सम्पादक: रवि भारद्वाज (+919999889104)**
**actionindiaddn@gmail.com**



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


चिंतन

# हिंदू समाज के खिलाफ गहरी साजिश है जातिगत जनगणना

**मृत्युंजय दीक्षित**

**बिहार** के मुख्यमंत्री व आई,एन.डी,आई.ए. गठबंधन के एक संभावित नेता नीतिश कुमार ने आगामी विधानसभा व लोकसभा चुनावों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व भारतीय जनता पार्टी से मुकाबला करने के लिए बिहार में कराई गई जातिगत जनगणना की रिपोर्ट दो अक्टूबर को जारी कर दी है। विधानसभा चुनावों की तारीखों का ऐलान होने के मात्र एक सप्ताह पूर्व जारी की गयी यह रिपोर्ट स्पष्ट संकेत देती है कि यह इन नेताओं का चुनावी स्टंट मात्र है। यह रिपोर्ट तब जारी की गयी जब चारा घोटाले में दोषी घोषित जमानत पर बाहर घूम रहे लालू यादव भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ जमकर जहर घोल रहे हैं। पटना में जातिगत जनगणना की रिपोर्ट जारी होने के बाद संपूर्ण भारत में राजनैतिक नेताओं की ओर से मुखर बयानबाजी प्रारम्भ हो गयी और पूरे देश में जातिगत जनगणना की मांग जोर पकड़ने लगी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने तत्काल बयान दिया कि जब देश में उनकी सरकार आयेगी तब संपूर्ण भारत में जातिगत जनगणना करायी जायेगी और साथ ही एक नारा भी उछल दिया जिसकी जितनी आबादी उसका उतना हक। वर्तमान राजनैतिक दौर में भारत के सभी विपक्षी और क्षेत्रीय दल यह सोच रहे हैं कि जातिगत जनगणना व अनुसूचित जाति, जनजति, आदिवासी व वंचित समाज को आरक्षण के नाम पर बरगलाकर भाजपा को हराया जा सकता है या फिर द्रमुक के विचारों के अनुरूप सनातन धर्म का संपूर्ण उन्मूलन संभव है । जातिगत जनगणना और उसके आधार पर हिन्दू मतों का विभाजन कराके सत्ता में आना इनका सपना है । बिहार की जातिगत जनगणना एक ऐसी निकृष्ट पहल है जो सनातन हिन्दू धर्म को कमजोर करेगी और समाज को जातीय संघर्ष में झोंक कर विकसित भारत के स्वप्न को चूर चूर कर देगी। जातीय जनगणना के आंकड़े जारी होने के प्रारंभ के एक झदो दिन आई,एन.डी,आई.ए. गठबंधन को ऐसा प्रतीत होने लगा कि वह भाजपा को दबाव में लाने में सफल हो गया है किंतु समय बीतने के साथ साथ जातिगत जनगणना एक विद्रूप राजनैतिक स्टंट के रूप में ही पहचानी जा रही है।

# मुझसे शादी करोगी...

**डॉ. सुरेश कुमार**

**मैं** अपनी माँ से बहुत प्यार करता हूँ। लेकिन इन दिनों उनसे बहुत परेशान भी हूँ। वह बात-बात में चिढ़ जाती है। कहती है झ तू मुझे अच्छी माँ, प्यारी माँ जैसी बातों से बहलाने-फुसलाने की कोशिश मत कर। तू यह बता मुझे दादी कब बना रहा है? मैं माँ को कैसे समझाऊँ कि तुझे दादी बनाने के लिए मुझे पहले शादी करनी होगी। उसके लिए एक लड़की चाहिए होती है, जो कि अमेजॉन या फ्लिपकार्ट में ऑनलाइन ऑर्डर करने से होम डिलेवरी नहीं होती। उसके लिए पहले पहल मैं किसी लड़की को पसंद आऊँ तो बात बनें। मैं ठहरा काला-कलूटा। थोबड़ा ऐसा कि बच्चा चोर लगता हूँ। लोग कहते हैं फर्स्ट इंप्रेशन इज द बेस्ट इंप्रेशन। मेरा तो फर्स्ट इंप्रेशन इज द लास्ट इंप्रेशन है। अब भला मुझे कौन लड़की देगा। ऊपर से सरकारी नौकरी भी नहीं है। प्राइवेट कंपनी में धक्के खा-खाकर दो चीजें हासिल की हैं, एक हर दो महीने में जूते घिस जाते हैं और दूसरा टेंशन के मारे झड़ते हुए सिर के बाल। किसी दिन मेरा थोबड़ा और गंजापन मुझे भूतिया फिल्मों का खलनायक बनाकर ही छोड़ेगा।

किसी ने खूब कहा है सूरत क्या देखते हो सीरत देखिए। यह जिस किसी ने भी कहा है वह मुझे मिल जाए तो मैं उसकी बैंड बजा दूँ। कल की ही बात है मैं अपने ध्यान में मग्न सड़क के एक किनारे चला जा रहा था। उधर दूसरी ओर से एक लड़की आ रही थी। उसकी शक्ल भी कुछ खास नहीं थी। न जाने उसे क्या हुआ मुझे देखते ही दूसरी ओर हो ली। मुझे कभी-कभी संदेह होता है कि मेरे चेहरे पर कहीं खतरे का निशान वाला बोर्ड तो नहीं लगा है। जिसे देखो उसे मुझसे कन्नी काटने में ही भलाई समझता है। इतना ही नहीं जब से लड़कियों के साथ बलात्कार के मामले बढ़े हैं तब से सारी लड़कियाँ और यहाँ तक कि कुछ उम्रदराज औरतें भी पल्लू से खुद को ऐसे ढक लेती हैं जैसे पूरे देश में बलात्कार के मामले मुझी पर चल रहे हैं। दुनिया को छोड़िए साहब। मेरे माँ-बाप को ही ले लीजिए। जब मैं पैदा हुआ था और उन्होंने मुझे गोदी में लेकर देखा तो उनकी प्रतिक्रिया चौकाने वाली थी। उनके मुँह से हल्की सी चीख निकल पड़ी।

## न्यूज फ्लैश

### पानीपत पुलिस के सिपाही को जान से मारने की धमकी देपे का आरोप

**गन्नौरः डयूटी के** बाद वापिस घर लौट रहे पानीपत पुलिस के सिपाही को जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पुराने केस उठाने का दबाव डालने के लिए 7 बदमाशों ने पीछा करते हुए सिपाही के साथ-साथ उसके परिवार को भी जान से मारने की धमकी दी है। थाना गन्नौर पुलिस ने सिपाही की शिकायत पर 7 बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। गांव लाला गढ़ी निवासी प्रवीन ने पुलिस को बताया कि कुछ लोग लगातार उनका पीछा कर रहे थे। वह 8 अक्टूबर को जब घर आ रहे थे रास्ते में संजीव, संजू, टीटा के साथ ही राकेश, चांदराम, राजीव व राजेंद्र ने उन्हें घेर लिया। उन्होंने उन्हें धमकी दी कि तेरे साथ पहले क्या हुआ था, तुझे पता है। आगे अगर हमारे खिलाफ सच बोला तो तुम्हें व तुम्हारे परिवार को जान से मार देंगे। अपना केस उठा ले, नहीं तो भविष्य में अंजाम भुगतने को तैयार रहना। जिस पर उन्होंने पुलिस को अवगत कराया। पुलिस ने मामले में शिकायतकर्ता को मारने को धमकी देने का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस टीम आरोपियों का पता लगा रही है।

**पहले हो चुका है जानलेवा हमलाः सिपाही** प्रवीन पर 14 अक्टूबर 2021 को हमला कर उनके साथ लूटपाट की गई थी। घटना की रात को वह ड्यूटी से लौट रहे थे। गढ़ी केसरी मोड़ पर बस से उतरकर वह पैदल ही अपने गांव लाला गढ़ी जा रहे थे। जब वह लाला गढ़ी-गढ़ी केसरी रोड पर पहुंचे थे तो बाइक सवार तीन युवकों ने उन पर चाकू से हमला कर उनकी सर्विस रिवॉल्वर, 10 कारतूस, बैग, पर्स जिसमें करीब 2300 रुपये नकद, डेबिट कार्ड, अधार कार्ड, आई कार्ड व अन्य जरूरी कागजात लूट लिए थे। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर फरवरी, 2022 में तीन आरोपियों गांव बेगा निवासी संजू उर्फ सूरज, पीरगढ़ी निवासी संजीव व सोनू उर्फ टीटा को गिरफ्तार कर लिया था।

**मामले की जांच में जुटी पुलिसः** एसीपी गन्नौर गोरखपाल राणा ने बताया कि पुलिस ने सिपाही प्रवीन की शिकायत पर 7 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जांच में जो भी सामने आएगा उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

### सीटीपीटी गढ्ढे में संदिग्ध परिस्थितियों में 3 व्यक्तियों की गिरने से हुई मौत

**पानीपत/कमाल हुसैन**

**पानीपत-हरिद्वार** रोड पर सनौली खुर्द के पास होटल जय फूडस के सामने एक फैक्ट्ररी में बडा हादशा हो गया। फैक्ट्ररी के अंदर बने केमिकल के सीटीपीटी गढ्ढे में संदिग्ध परिस्थितियों में 3 व्यक्तियों की गिरने से मौत हो गई। इसकी सुचना जैसे ही पुलिस व परिजनों को मिली तो सुचना मिलते ही पुलिस व परिजन मोके पर पहुंचें और तीनों मृतक युवकों को के शव का बाहर निकाला। वही परिजनों ने हत्या कर गढ्ढे में डालने का आरोप लगाया। और पुलिस को शिकायत देकर ठोस कार्यवाही की मांग की। पुलिस ने शिकायत के आधार पर कार्यवाही करते हुए फैक्ट्ररी मालिक नवीन,विष्णु,सौरभ व अन्य के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी अनुसार रसलापुर गांव निवासी सददाम पुत्र कामिल व जुल्फान पुत्र मुदा ने बताया कि उनके भाई इस्लाम पुत्र कामिल व कुरुबान पुत्र मुदा हाटल जय फूडस के सामने गोरजा इन्टर नैशनल प्रा.लि. में ट्रैक्टर ड्राईवर और फैक्ट्री से कैमिकल का गन्दा व जहरीला पानी निकालकर फैक्ट्री मालिको के कहने पर नहर मे डालते थे। रात के 12 बजे तक अपनी ड्यूटी खत्म करके घर वापिस आ जाते थे। पिछले काफी समय से फैक्ट्री मालिक अतिरिक्त काम करवा रहा था। लेकिन उस हिसाब से मानदेय नही दे रहा था। इसको लेकर करीब 10-15 दिन पहले फैक्ट्री मालिको ने अन्य कर्मचारियो से मिलकर इनके साथ मारपीट की थी और जान से मारने की धमकी दी थी। शनिवार को वो फैक्ट्री मे काम पर गये थे। रात लगभग 12 बजे तक जब वों घर नही आए तो फोन बंद होने के कारण वो उन्हे ढुंढने फैक्ट्री गये तो गार्ड ने बताया कि वह दोनो काफी समय पहले जा चुके हैं और गेट नही खोला, उन्हे बता चला कि रंजिस के चलते इस्लाम,कुरबान व एक अन्य सुरेश की हत्या कर शव फैक्ट्ररी मालिकों ने अन्य साथियों के साथ मिलकर खुर्द बुर्द करने की कोशिश से गढ्ढे में फैक दिए है और कैमरें भी तोड दिए है। परिजनों ने जमकर फैक्ट्ररी में हंगामा किया और शव लेने के लिए आई एम्बूलैसं के शीशें भी तोड दिए। एएसपी मंयक मिश्रा ने मृतकों के परिजनों को ठोस कार्यवाही का आश्वासन दिया और फैक्ट्ररी को आगामी कार्यवाही तक ताला लगाकर बंद कर दिया।

# जिलेभर में की गई नाकेबंदी और चलाया चैकिंग अभियान

## जलेभर में नाकाबंदी की गई व विभिन्न थाना क्षेत्रों में गस्त की गई

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। पुलिस महानिदेशक** के निर्देशानुसार आज सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक जिला पुलिस द्वारा जिलेभर में पुलिस उपस्थिति दिवस मनाया गया। पुलिस अधीक्षक शंशाक कुमार सावन के मार्गदर्शन में कार्य करते हुए पुलिस उपस्थिति दिवस के तहत जिलेभर में नाकाबंदी की गई व विभिन्न थाना क्षेत्रों में गस्त की गई। इस दौरान जिला पुलिस द्वारा जिलेभर में 9 जगह पर नाकाबंदी की गई और 72



पुलिस टीमों द्वारा विभिन्न थाना क्षेत्रों में चैकिंग व गशत की गई। इस दौरान जिला के तमाम पर्यवेक्षण अधिकारी फील्ड में मौजूद रहे और करीब 300 पुलिस कर्मचारी इस पुलिस उपस्थिति दिवस में तैनात रहे। पुलिस उपस्थिति दिवस का मुख्य उद्देश्य अपराध को रोकना व शरारती तत्वों के मन में भय उत्पन्न करना है। इस दौरान पुलिस टीमों द्वारा शहर के या अपराध घटित होने की संभावित जगहों पर पैदल गशत की गई। संदिग्ध लोगों से बारिकी से पूछताछ की गई। पुलिस ने इस दौरान जनसम्पर्क अभियान चलाकर आमजन से रूबरू होते हुए पुलिस की उपस्थिति दर्ज कराते हुए सुरक्षा का एहसास करवाया गया। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन ने बताया कि पुलिस उपस्थिति दिवस मनाने का मकसद पुलिस के सेवा, सुरक्षा और सहयोग के नारे को चरितार्थ करना है। जनता को विश्वास दिलाना है कि पुलिस सदैव जनता की सेवा के लिए तत्पर है। उपस्थिति दिवस के दौरान नाकाबंदी व पैट्रोलिंग के माध्यम से संदिग्ध लोगों पर निगरानी रखना, नशा तस्करी पर रोक लगाना, अवैध असला रखने वाले अपराधियों को पकडना, वाहन चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाना सहित वाहनों की जांच करना व समय-समय पर घटित होने वाले विभिन्न प्रवृति के अपराधों पर रोक लगाना जिला पुलिस का मुख्य लक्ष्य है।

## सैनिक स्कूल कुंजपुरा पूरा करेगा प्रधानमंत्री का विजन

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया पहले अखिल** भारतीय सैनिक स्कूल राष्ट्रीय खेल (एआईएसएनजी) का आयोजन 11 से 18 अक्टूबर तक सैनिक स्कूल कुंजपुरा में किया जा रहा है। यह अपनी तरह का एक विशाल आयोजन है, जिसने इतिहास रचा है क्योंकि सैनिक स्कूल कुंजपुरा इस विशाल आयोजन की मेजबानी सैनिक स्कूल सोसायटी के तत्वावधान के अंतर्गत कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने विजन में देश के युवाओं से खेलों को अपने जीवन में 'केंद्रीय स्थानइ देने का आग्रह किया। इसी सन्दर्भ में अखिल भारतीय सैनिक स्कूल राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी एक ही स्थान पर की जा रही है, ताकि लडकों और लड़कियों को कैडेटों को समान अवसर दिया जा सके। यह निश्चित रूप से युवा उभरते खिलाडिों के लिए हाल ही में संपन्न एशियाई खेलों की तरह अधिक ऊंचाइयों को हासिल करने के लिए एक प्रोत्साहन होगा, जहां भारत ने जबरदस्त सुधार दर्ज किया है और 100 से अधिक पदक जीते हैं। सैनिक स्कूलों की खेल प्रतियोगिताएँ जोनल और इंटर जोनल स्तरों पर आयोजित की जा चुकीं हैं और अपने चयनित अनुशासन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कुछ कैडेटों को स्कूल खेलों में राज्य का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुना गया है। सैनिक स्कूल सोसाइटी का यह प्रयास एक स्वागत योग्य निर्णय है और छात्र समुदाय के लिए एक बड़ा लाभ है। सैनिक स्कूल कुंजपुरा के प्रधानाचार्य कर्नल विजय राना ने बताया कि उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि मेजर जरनल संजय मैनी, जरनल ऑफिसर कमाडिंग हैड्क्वार्टर पीएच एण्ड एचपी (स्वतंत्र) सब एरिया होंगे। उनका भव्य तरीके से स्वागत किया जाएगा।

## केंद्रीय विद्यालय ग्रुप केंद्र केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल में स्वास्थय जांच के बाद किया जागरूक

**टीम एक्श इंडिया/राई**

ग्रुप केंद्र केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, सोनीपत के अस्पताल में डा. सुषमा शर्मा उपमहानिरीक्षक मेडिकल, डा. विवेक उपमहानिरीक्षक मेडिकल, डा. मनमीत बरार और अस्पताल के सहायक मेडिकल स्टाफ द्वारा विद्यालय के 210 छात्रों एवं 151 छात्राओं का मेडिकल चेकअप किया जा रहा है। प्रधानाचार्य अमन गुप्ता ने बताया कि केंद्रीय विद्यालय में एक शैक्षणिक सत्र में विद्यार्थी का दो बार चिकित्सीय जांच विशेषज्ञ द्वारा करवाई जाती है। इसमें विद्यार्थी का वजन, ऊंचाई, छाती,पेट, कान, आंखें, नाक,मुंह,त्वचा,अन्य शारीरिक विकास इत्यादि की विस्तार से जांच की जा रही है। जांच के पश्चात अध्यापकों द्वारा अभिभावकों के साथ



विद्यार्थी का मेडिकल रिपोर्ट कार्ड साझा किया जाएगा ताकि अभिभावक को अपने बच्चों के स्वास्थ्य स्तर की जानकारी हो सके और बीमारी का समय रहते इलाज करवाया जा सके। प्राचार्य ने ग्रुप केंद्र की पूरी मेडिकल टीम का आभार जताया।

## कला कीर्ति भवन में हुआ नाटक कोर्ट मार्शल नहीं का मंचन

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र(दलबीर मलिक) हरियाणा कला** परिषद के कला कीर्ति भवन में समय-समय पर आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंख्ला में हरियाणा कला परिषद अम्बाला मण्डल के सौजन्य से नाटक कोर्ट मार्शल नहीं का मंचन हुआ। विवेक आश्री का लिखा और युवा रंगनिर्देशक नितिन शर्मा के निर्देशन में परम्परा आर्टस चण्डीगढ़ के कलाकारों ने देश की सेना पर आधारित नाटक का बखूबी मंचन किया। इस अवसर पर वरिष्ठ साहित्यकार, लेखक व अभिनेता चंद्रशेखर शर्मा बतौर मुख्यअतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत मुख्यअतिथि चंद्रशेखर शर्मा, हरियाणा कला परिषद अम्बाला मण्डल के अतिरिक्त निदेशक नागेंद्र शर्मा तथा सुभाष झा ने दीप प्रज्जवलित कर की।

## पुरुषार्थ की साक्षात प्रतिमा हैं श्री पीयूष मुनि जी: महासाध्वी प्रमिला

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** संत का जीवन अगरबत्ती के समान होता है, जो स्वयं जलकर भी दूसरों को सुगंध देती है। दीपक स्वयं अंधेरे से लड़ते हुए रोशनी देता है। इसी प्रकार अनासक्त तथा निस्पृह संत स्वयं कष्ट सहन करते हुए भी समाज को दिशाबोध कराते हैं तथा जीवन में प्रविष्ट बुराइयों को दूर कर नैतिक एवं सदाचारी जीवन जीने की प्रेरणा देते हैं। शांतात्मा जप-तप आराधिका महासाध्वी श्री प्रमिला जी महाराज ने श्री आत्म मनोहर जैन सेवा संस्थान समूह के वर्तमान प्रेरक भारत संत गौरव श्री पीयूष मुनि जी महाराज की 48वीं जन्म जयंती पर आयोजित गुणगान



सभा में कहा कि श्री पीयूष मुनि जी प्रभावी वक्ता, कुशल लेखक, अनुपम संगठनकर्ता, तपोनिष्ठ, जाप के उत्कृष्ट साधक, समन्वयवादी विचारों वाले समाज सुधारक, विभिन्न धर्मों तथा दर्शनों के अधिकारी विद्वान तथा राष्ट्रवादी एवं उदार दृष्टिकोण वाले महापुरुष हैं, जो अनेक माध्यमों से जनसेवा करते हुए क्षुद्र संकुचित भेदभावों को दूर कर मानव को मानव से जोडे के लिए सदैव प्रतिबद्धतापूर्वक कार्य करने वाले अनथक पुरुषार्थ की साक्षात प्रतिमा रूप श्री आत्म मनोहर गुरु परिवार के देदीप्यमान सूर्य हैं। शिक्षा, चिकित्सा . सेवा, संस्कार निर्माण, सद्भावना सृजन के क्षेत्र में आपके कार्य बेमिसाल हैं।

## विधायक निर्मल चौधरी ने जनता दरबार लगाकर हल्के के लोगों की सुनी समस्या

### अधिकतर समस्याओं का मौके पर किया समाधान,बची समस्या के जल्द समाधान के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर। विधायक निर्मल** चौधरी ने सोमवार को अपने निवास पर साप्ताहिक जनता दरबार लगाकर हल्के के लोगों कि समस्याएं सुनी और ज्यादातर समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया। जिस समस्या का किसी कानूनी अड़चन के चलते समाधान नही हो सका उनके समाधान के लिए सम्बंधित अधिकारी को जल्द समाधान के निर्देश दिए। विधायक ने सरकार के 4 वर्ष की उपलब्धियों व कल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोगों को बताया। उन्होंने कहा



कि आज जरूरी है कि अपने अधिकारों को जानने के साथ साथ सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी आप सभी को हो ताकि एक जागरूक नागरिक होने के नाते यदि आप किसी योजना के पात्र नहीं है। तब भी किसी दूसरे पात्र ग्रामवासी को इस योजना से अवगत कराते हुए उस योजना से लाभान्वित कर सकते हैं। जिससे उसे भी मुख्यधारा में लाया जा सके। जिससे भाजपा सरकार का अंतोदय का मंत्र साकार हो सके। उन्होंने पार्टी कार्यकताओं का आह्वान किया उनका भी दायित्व है कि कोई भी पात्र भाजपा सरकार की किसी भी योजना से वंचित न रह सके। इस अवसर पूर्व सरपंच राजी मलिक, प्रदीप राठी, महक फोगाट, भोपाल रापरिया व धर्मबीर प्रजापत सहित के कई लोग मौजूद रहे।

**समाधान**

**8 किसी कानूनी अड़चन के चलते समाधान नही हो सका उनके समाधान के लिए सम्बंधित अधिकारी को जल्द समाधान के निर्देश दिए**

## डॉक्टर नीना ने लड़कियों को सिखाए जीवन बचाने वाले गुर



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया जिला रेडक्रास** सोसायटी के सचिव कुलबीर मलिक के दिशा निर्देशन के अनुसार सहायक प्रशिक्षक अधिकारी राजपाल चौधरी ने डॉक्टर नीना को गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी गर्ल्स स्कूल घरौंडा में प्रशिक्षण देने के लिए मनोनीत किया।

विद्यालय की प्रधानाचार्या परमजीत कौर ने लड़कियों को बताया कि आज की भागदौड़ की जिंदगी में यदि किसी को चोट लग जाती है तो हमें अवश्य मदद करनी चाहिए, क्या पता हम किसी ऐसे की मदद करें कि वह अपने परिवार का प्रमुख हो। हम सब में मदद की भावना होनी चाहिए। डॉक्टर नीना ने स्टाफ व लड़कियों को जान बचाने वाले गुरु डेमोंसट्रेशन द्वारा दिखाकर अच्छी प्रकार से सिखलाई की और बच्चों से भी करके दिखाया गया यदि प्रार्थना करते समय यदि किसी को बेहोशी आ जाए या मिर्गी का दौरा पड़ जाए तो हमें किन बातों को ध्यान में रखना है और किन बातों को नजरअंदाज करना है। इस अवसर पर बच्चों और स्टाफ ने बड़े ही अच्छे ढंग से इन तकनीकों को सीख की जरूरत पडे पर किस प्रकार हम तिकोनी पट्टी का प्रयोग कर सकते हैं।

## सैमसंग ने अपने बीस्पोक डबल डोर रेफ्रिजरेटर रेंज को लॉन्च करने की घोषणा की

**टीम एक्शन इंडिया/नोएडा**

भारत के नंबर वन रेफ्रिजरेटर ब्रांड, सैमसंग ने आज अपने बीस्पोक डबल डोर रेफ्रिजरेटर रेंज को लॉन्च करने की घोषणा की है, जिसे मॉडर्न भारतीय उपभोक्ताओं की जरूरत को पूरा करने के लिए डिजाइन किया गया है। खूबसूरत कलर ऑप्शन के साथ, नए बीस्पोक रेफ्रिजरेटर किसी भी किचन में एक अर्बन एलीगेंस और व्यक्तित्व को ऐड करते हैं। रें२४ल्लें की नई बीस्पोक डबल डोर रेफ्रिजरेटर रेंज, बीस्पोक प्रीमियम कोटा स्टील और बीस्पोक ग्लास वेरिएंट में उपलब्ध हैं, जो एडवांस्ड रेफ्रिजरेशन के साथ व्यक्तिगत खूबसूरती को जोड़ती है, जिससे रोजमर्रा की जिंदगी आसान और स्टाइलिश बन जाती है। बीस्पोक प्रीमियम कोटा वेरिएंट आपकी किचन में एक विंटेज आकर्षण और खूबसूरती को जोड़ता है। यह दो कलर ऑप्शन – कोटा बेज और चारकोल (डुअल टोन) और कोटा चारकोल में उपलब्ध होगा।

## जजपा नेताओं ने अनाज मंडी का दौरा कर धान खरीद का लिया जायजा

**सुविधाएं**

**8 सरकार की ओर से किसानों का एक-एक दाना खरीदा जाएगा: जजपा के जिलाध्यक्ष राज सिंह दहिया**

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर। सोमवार को** गन्नौर की नई अनाज मंडी में जजपा के जिलाध्यक्ष राज सिंह दहिया अन्य जजपा नेताओं ने मंडी में हो रही खरीद का जायजा लेते हुए किसानों व आढ़तियों से बातचीत कर समस्या भी सुनी और



अधिकारियों को मंडी में हर प्रकार की सुविधाएं मुहैया करवाने के निर्देश दिए। दहिया ने कहा मंडी के दौरे का मकसद है कि किसी भी किसान को मंडी में फसल बेचने में कोई परेशानी न आए इसी के चलते कार्यकताओं के साथ मंडी में निरीक्षण कर किसानों व आढ़तियों से फसल खरीद की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से किसानों का एक-एक दाना खरीदा जाएगा। दहिया ने कहा कि जब से प्रदेश में भाजपा -जजपा की गठबंधन सरकार बनी है तब से किसानों की फसलों का एक-एक दाना खरीद कर उनकी समय पर पेमेंट की जा रही है। दहिया ने कहा कि प्रदेश के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला हमेशा से किसान ,गरीब व कमरे के हितेषी रहे हैं और इसी के चलते उन्होंने किसानों की फसलों का समय पर खरीद करने के साथ-साथ उनके के खाते में समय पर पैसा पेमेंट पहुंच जाए इसका पुख्ता प्रबंध किया है। इस मौके जजपा के प्रदेश सह सचिव सियानंद त्यागी, पूर्व प्रत्याशी रणधीर मलिक, हलका प्रधान अनिल त्यागी, युवा हल्का अध्यक्ष सुधीर धनखड़, भाने राम सहित कई पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# रितिका ने नेशनल में कांस्य पदक जीता

## बेटी के पदक जितने की खुशी में गांव में खुशी का महौल

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर। गांव पुरखास की** कांग्रेस नेता राजेश पहलवान पुरखासिया की बेटी पहलवान रितिका ने 73 किलोग्राम वर्ग भर में अंडर 17 फ्री स्टाइल कुश्ती में कांस्य पदक जीता है। स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा मध्यप्रदेश के विदिशा में आयोजित 67वीं राष्ट्रीय स्कूली खेल 2023 के कुश्ती प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर राज्य को कांस्य पदक दिलाया है। मध्य प्रदेश के विदिशा में आयोजित कुश्ती प्रतिस्पर्धा में रितिका ने अंडर-17



बालिका के 73 किलोग्राम भार वर्ग में केरल की पहलवान फिदा को बाई फॉल कर पदक जीता है। रितिका ने इससे पहले राज्य स्तरीय हिसार में अपने वजन में स्वर्ण पदक जीता था। रितिका ने पहली बार राष्ट्रीय स्तर पर शिरकत की और कांस्य पदक जीता। रितिका के पिता राजेश पहलवान पुरखासिया ने बताया कि यह गांव के बच्चों का खेल में कड़ी मेहनत, समय पर प्रैक्टिस करने का परिणाम है। रितिका पिछल्ले 2 साल से कोच ईश्वर दहिया, राजकुमार हुड्डा, नरेंद्र रोज के पास रोहतक में प्रशिक्षण ले रही है। अब मध्य प्रदेश में 2 से 7 अक्टूबर 2023 को राष्ट्रीय स्कूली खेल प्रतियोगिता में डीपी अमित, प्रबंधक माया एवं मंजू के साथ हरियाणा का प्रतिनिधित्व रितिका ने किया और पदक जीत कर अपने गांव, जिला, प्रदेश का नाम रोशन किया है। नेशनल पदक मिलने पर परिवार में खुशी की लहर है। कांग्रेस नेता राजेश पहलवान पुरखासिया ने कहा कि बेटे और बेटी में कोई भेद नहीं है। बेटी ने पदक पांचों बाउट बाइ फॉल करके जीती हैं। यह किसी भी पिता के लिए गौरव की बात है कि उसकी बेटी ने उनका नाम रौशन किया है। गांव में खुशी की लहर सभी बड़े अपना आशीर्वाद दे रहे हैं।

## मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत रैली निकाली और कलश को बीडीपीओ को सौंपा

**टीम एक्शन इंडिया/राई। मुरथल स्थित ताऊ** देवीलाल राजकीय महिला महाविद्यालय में प्राचार्या डा. संगीता सपरा की अध्यक्षता में महाविद्यालय की एनएसएस यूनिट के द्वारा मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत अमृत कलश का निर्माण किया गया । जिसमें स्वयं सेविकाओं के द्वारा अपने-अपने गांव से एकत्रित की गई मिट्टी कलश में डाली गई तत्पश्चात प्राचार्य डा. संगीता छपरा ने हरी झंडी दिखाकर मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत रैली का शुभारंभ किया और छात्राओं



को अपने देश की माटी के प्रति सम्मान बनाए रखना व उसके गौरव की रक्षा करने के लिए प्रेरित किया रैली की समाप्ति के उपरांत अमृत कलश को प्राचार्या को सौंपा गया उसके बाद अमृत कलश को अंकित, ज्योति दहिया एवं अजय दहिया के द्वारा मुरथल बीडीपीओ डॉ जितेंद्र चौहान को सुपुर्द किया गया।

# एनसीए के किशन और सुधा यूपी अंडर-19 टीम में

**प्रयागराज।** आशीष नेहरा क्रिकेट अकादमी के दो प्रशिक्षुओं का चयन उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (यूपीसीए) की अंडर-19 टीम में हुआ है। दोनों के चयन पर अकादमी के कोच यशवर्धन उखहरिया, मोहसिन खान, शिवराम सिंह पटेल ने हर्ष व्यक्त किया है। अकादमी की प्रशिक्षक स्वाति सिंह के अनुसार बायें हाथ के मध्यम तेज गेंदबाज किशन सिंह वीनू मांकड़ ट्रॉफी के लिए उत्तर प्रदेश अंडर-19 टीम का हिस्सा होंगे। यूपी टीम 12 अक्टूबर को नई दिल्ली में विदर्भ के खिलाफ मैच खेलेगी। किशन आईपीएल में गुजरात टाइटन टीम के नेट बॉलर रह चुके हैं और यूपी टी-20 क्रिकेट लीग में वह नोएडा सुपरकिंग्स में शामिल थे। अकादमी की ही लेफ्ट आर्म स्पिनर सुधा शुक्ला यूपी अंडर-19 महिला टीम में चयनित हुई हैं। इस समय वह हरियाणा में दिल्ली के खिलाफ मैच खेल रही हैं। सुधा ने 10 ओवर में 10 रन देकर तीन विकेट लिया था।



## विराट कोहली ने सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड तोड़ा, ICC टूर्नामेंट में अब सबसे ज्यादा रन

**चेन्नई।** भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आईसीसी विश्व कप 2023 मैच के दौरान अर्धशतक बनाते ही आईसीसी टूर्नामेंट में किसी भारतीय द्वारा सर्वाधिक रन बनाने का सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड तोड़ दिया। विराट अपने 67वें मैच में 2,720 रन के आंकड़े को पार करने में सफल रहे और उन्होंने 'मास्टर ब्लास्टर' तेंदुलकर के 61 मैचों में 2,719 रन के प्रभावशाली रिकॉर्ड को तोड़ दिया। कोहली ने 65.23 के शानदार औसत के साथ यह उपलब्धि हासिल की, जिसमें दो शतक और 25 अर्धशतक शामिल हैं। दूसरी ओर, सचिन तेंदुलकर ने सफेद गेंद वाले आईसीसी टूर्नामेंट में 52.28 की औसत से 7 शतक और 16 अर्द्धशतक के साथ 2000 से अधिक रन बनाए थे।विराट कोहली ने आईसीसी वनडे विश्व कप, आईसीसी वनडे चैंपियंस ट्रॉफी और आईसीसी टी20 विश्व कप सहित सभी तीन प्रमुख सफेद गेंद वाले आईसीसी टूर्नामेंटों में भाग लेकर यह उपलब्धि हासिल की। दूसरी ओर सचिन तेंदुलकर केवल टी20 विश्व कप छोड़कर वनडे विश्व कप और वनडे चैंपियंस ट्रॉफी में खेले हैं।



## मुझे रफ्तार बढ़ाने के लिए कहा जा रहा था लेकिन किसी ने नहीं बताया कि कैसे : कुलदीप यादव

**चेन्नई ।** कुछ साल पहले जब सफेद गेंद के क्रिकेट में कुलदीप यादव का खराब फॉर्म चल रहा था तो हर किसी ने उनसे यही कहा कि गेंद की रफ्तार कम है लेकिन किसी ने यह नहीं बताया कि उसे कैसे बढ़ाना है। उन्हें 2020 में कोरोना काल के दौरान यूएई में हुए आईपीएल में घुटने में चोट भी लगी। अपनी गेंदों में रफ्तार कैसे बढ़ाई जिससे पिछले 18 महीने में वनडे क्रिकेट में भारत के सबसे कामयाब गेंदबाज बने? कुलदीप ने कहा, 'हर किसी ने मुझे कहा कि गेंद में रफ्तार की जरूरत है लेकिन किसी ने नहीं बताया कि यह कैसे किया जाए। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व कप के पहले मैच में डेविड वॉर्नर और ग्लेन मैक्सवेल के कीमती विकेट लेने वाले कुलदीप ने कहा कि उन्होंने खुद ही इसका हल निकाला लेकिन टीम फिजियो आशीष कौशिक की एक सलाह उपयोगी साबित हुई। उन्होंने कहा, 'जब मैं चोट से वापस आ रहा था तो फिजियो आशीष कौशिक ने कहा कि दाहिने पैर पर कम वजन देना है। मैंने अभ्यास में भी यही किया और मैच हालात में मुझे फर्क पता चला। यह रातोंरात नहीं हुआ। लय दोबारा पाने में छह महीने लगे।

चेपॉक की पिच क्या धीमे गेंदबाजों की मददगार थी? कुलदीप ने कहा, 'मुझे नहीं लगता लेकिन मुझे अपनी गेंदों में गति बढ़ानी पड़ी। ग्लेन मैक्सवेल को समय नहीं मिला और इसी तरह से स्मिथ को जडेजा ने आउट किया था। टर्न के साथ गेंद की गति भी अहम थी। क्या टूर्नामेंट में आगे तीन स्पिनरों के लिए जगह होगी? उन्होंने कहा, 'पूरे टूर्नामेंट के बारे में पता नहीं लेकिन हमने देखा है कि चेन्नई में तीन स्पिनरों को उतारा जा सकता है।

# भारत का विश्वकप में जीत से आगाज, ऑस्ट्रेलिया को 6 विकेट से दी मात

**चेन्नई।** भारतीय क्रिकेट टीम ने विश्वकप-2023 का आगाज जीत के साथ किया है। चेन्नई के चेपक स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 6 विकेट से हराया। भारत की इस जीत के हीरो विराट कोहली और केएल राहुल की शानदार पारी रही।

इस लो-स्कोरिंग मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने भारत के सामने 200 रनों का लक्ष्य रखा था। हालांकि भारतीय टीम की शुरुआत काफी खराब रही और उसके तीन बल्लेबाज कप्तान रोहित शर्मा, ईशान किशन और श्रेयस अय्यर बिना खाता खोले पवेलियन लौट गए। चौथे विकेट के लिए विराट कोहली और केएल राहुल ने शानदार शतकीय साझेदारी कर टीम को जीत की दहलीज तक ले गए। लेकिन जीत से कुछ क्षण पहले ही कोहली 85 रन के निजी स्कोर पर आउट हो



गए। इसके बाद केएल राहुल (नाबाद 97 रन) ने हार्दिक पांड्या (नाबाद 11 रन) से साथ मिलकर टीम को 52 गेंद शेष रहते टीम को जीत दिला दी। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से जॉश हैजलवुड ने तीन विकेट और मिचेल स्टार्क ने एक विकेट लिया। इससे पहले, टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलिया की पूरी टीम 199 रन पर सिमट गई। कंगारू टीम के लिए स्टीव स्मिथ ने 46 और डेविड वॉर्नर ने 41 रनों की पारियां खेली। जबकि मार्कस लाबुशेन ने 27 और मैक्सवेल ने 15 रन जोड़े। आखिर के समय में पैट कमिंस 15 रन और स्टार्क के 28 रनों की बदौलत ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 199 रन तक पहुंच सका। भारत की तरफ से स्पिन तिकड़ी ने अपनी फिरकी पर कंगारू बल्लेबाजों को नचाया। भारतीय स्पिनरों ने छह विकेट झटके। भारत के लिए रविंद्र जडेजा ने सबसे ज्यादा 3 विकेट लिए, जबकि कुलदीप यादव और बुमराह को 2-2 विकेट मिले। वहीं, अश्विन और सिराज के खाते में 1-1 विकेट आया।

## आईसीसी विश्व कपः 11 अक्टूबर को धर्मशाला पंहुचेगी नीदरलैंड की टीम

**धर्मशाला।** आईसीसी क्रिकेट वर्ल्ड कप के धर्मशाला में 17 अक्टूबर को होने वाले तीसरे मैच के लिए नीदरलैंड की टीम 11 अक्टूबर को धर्मशाला पंहुच जाएगी। तय कार्यक्रम नीदरलैंड की टीम



दोपहर बाद करीब तीन बजे गगल एयरपोर्ट पर पंहुचेगी। यहां से टीम सीधा होटल के लिए रवाना होगी। वहीं प्रतिद्वंदी टीम दक्षिण अफ्रीका की टीम के आने का कार्यक्रम अभी तय नहीं है। गौरतलब है कि धर्मशाला में 17 अक्टूबर को दक्षिण अफ्रीका और नीदरलैंड के बीच विश्व कप का लीग मैच खेला जाना है। धर्मशाला में खेले जा रहे पांच विश्व कप मैचों में यह तीसरा मैच होगा। इससे पूर्व यहां 10 अक्टूबर को इंगलैंड और बांग्लादेश की टीमें आपस में भिड़ने वाली हैं।

## कोहली का कैच छोड़ना पड़ा भारी, हेजलवुड ने किया मिचेल मार्श का बचाव

**चेन्नई ।** ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड ने कहा कि भारत के हाथों विश्व कप के पहले मैच में मिली हार में मिचेल मार्श के हाथों विराट कोहली का कैच टपकाए जाने की कोई भूमिका नहीं थी। कोहली को आठवें ओवर में हेजलवुड की गेंद पर जीवनदान मिला जब मार्श ने मिडविकेट में उनका कैच टपकाया। विकेटकीपर एलेक्स कैरी भी दौड़े थे लेकिन गलतफहमी की वजह से कैच छूट गया।

हेजलवुड ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, 'नहीं। मुझे नहीं लगता कि इसकी कोई भूमिका थी। उन्होंने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि कारी वहां तक पहुंच पाता। यह मिचेल का ही कैच था। उसने कैच छोड़ा लेकिन ऐसा होता रहता है। हर कोई काफी मेहनत कर रहा है। हम आगे भी करते रहेंगे। आस्ट्रेलिया के 199 रन के जवाब में भारत ने पहले दो ओवर में ही तीन विकेट गंवा दिए थे। कोहली उस समय आउट हो जाते तो भारत का स्कोर 20 रन पर चार विकेट होता। कोहली ने उस समय 12 रन ही बनाए थे। भारतीय बल्लेबाजों को गेंदबाजी के



बारे में हेजलवुड ने कहा, 'हमारा मानना है कि नई गेंद ने अपना काम किया। हमें पता था कि स्पिनरों को खेलना कठिन होगा। उन्होंने अच्छी साझेदारी की लेकिन हमने भी शुरुआत अच्छी की थी। उन्होंने भारतीय गेंदबाजों खासकर कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव की तारीफ की जिन्होंने डेविड वॉर्नर समेत दो विकेट लिए। उन्होंने कहा, 'कुलदीप ने पिछले एक से डेढ़ साल में शानदार गेंदबाजी की है। वह हमेशा से अच्छा खिलाड़ी रहा है। उसे खेलना कठिन था। उसके पास इतनी विविधता है। भारत के तीनों स्पिनर एक दूसरे से अलग है और उन्हें हालात का बखूबी पता है जिसके अनुसार उन्होंने गेंदबाजी की।

## 'मैं यहां की परिस्थितियों को जानता हूं', ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ धमाकेदार गेंदबाजी पर बोले जडेजा

**चेन्नई ।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व कप 2023 के पहले मैच में भारतीय ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा का शानदार प्रदर्शन देखने को मिला। उन्होंने 10 ओवर में मात्र 28 रन देकर तीन विकेट अपने नाम किए जिसमें स्टीव स्मिथ, मार्नस लाबुशाने और एलेक्स कैरी के विकेट शामिल थे। पारी के बाद जडेजा ने कहा कि मैं यहां की परिस्थितियों को जानता हूं।

जडेजा ने कहा, 'मैं सीएसके के लिए खेलता हूं इसलिए मैं यहां की परिस्थितियों को जानता हूं, जब मैंने पिच देखी तो मैंने सोचा कि मुझे 2-3 विकेट मिलने चाहिए, सौभाग्य से मुझे 3 विकेट मिले और मैं बहुत खुश हूं। मैं स्टंप्स में गेंदबाजी करना चाह रहा था और वहां टर्न था, आप कभी नहीं जानते कि कौन सी गेंद सीधी जा रही है और कौन सी टर्न हो रही है, गेंद अजीब तरह से टर्न कर रही थी और मैं सिर्फ गति मिला रहा था।'

भारतीय ऑलराउंडर ने कहा, 'चेन्नई में भीड़ हमेशा अच्छी संख्या में आती है और दर्शकों से



खचाखच भरा स्टेडियम देखना अच्छा लगता है। बस वहां जाएं और साधारण क्रिकेट खेलें, कुछ भी फैंसी न आजमाएं और इसे सरल रखें।' गौर हो कि जडेजा के बाद कुलदीप यादव और जसप्रीत बुमराह की बदौलत भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया को 49.3 ओवर में ऑलआउट करते हुए 199 रन पर रोकने में सफल रही।

## क्रिकेट विश्व कप में Mitchell Starc के 50 विकेट पूरे, अब इस दिग्गज के रिकॉर्ड पर नजर

**चेन्नई।** क्रिकेट विश्व कप 2023 के तहत चेन्नई के मैदान पर भारतीय टीम के खिलाफ खेले गए मुकाबले में ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने भारतीय ओपनर ईशान किशन का विकेट लेते ही विश्व कप में अपने 50 विकेट पूरे कर लिए। स्टार्क यह कारनामा करते ही विश्व कप में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में टॉप 5 में आ गए हैं।



**विश्व कप में 50 विकेट लेने वाली सबसे कम गेंदें**

941 - मिचेल स्टार्क, ऑस्ट्रेलिया
1187 - लसिथ मलिंगा, श्रीलंका
1540 - ग्लेन मैकग्राथ, ऑस्ट्रेलिया
1562 - मुथैया मुरलीधरन, श्रीलंका
1748 - वसीम अकरम, पाकिस्तान

**विश्व कप में सबसे तेज 50 विकेट (मैच)**

19 - मिचेल स्टार्क, ऑस्ट्रेलिया
25 - लासिथ मलिंगा, श्रीलंका
30 - ग्लेन मैकग्राथ, ऑस्ट्रेलिया
30 - मुथैया मुरलीधरन, श्रीलंका
32- वसीम अकरम, पाकिस्तान

**विश्व कप में सबसे ज्यादा विकेट**

71 ग्लेन मैकग्राथ, ऑस्ट्रेलिया
68 मुथैया मुरलीधरन, श्रीलंका
56 लासिथ मलिंगा, श्रीलंका
55 वसीम अकरम, पाकिस्तान
50 मिचेल स्टार्क, ऑस्ट्रेलिया

## चेल्सी की लगातार दूसरी जीत, बर्नले को 4-1 से रौंदा; रहीम स्टर्लिंग ने किया कमाल

**लंदन।** चेल्सी ने प्रीमियर लीग में बर्नले को 4-1 से हराया और लगातार दूसरी जीत दर्ज की। मौरिसियो पोचेतीनो के नेतृत्व में इस टीम ने दमदार वापसी की है और नए अवतार में चेल्सी की टीम कमाल कर रही है। इसका एक और उदाहरण देखने को मिला। पहले हाफ में विल्सन ओडोबर्ट के एक गोल से पिछड़ने के बाद, लंदन की टीम ने चार गोल किए और दमदार जीत दर्ज की। यह सभी प्रतियोगिताओं को मिलाकर चेल्सी की लगातार तीसरी जीत थी। वहीं, प्रीमियर लीग में मार्च के बाद पहली बार इस टीम ने लगातार दो मैच जीते हैं। अमीन अल दखिल के आत्मघाती गोल ने हॉफ टाइम तक स्कोर बराबर कर दिया था और ब्रेक के बाद चेल्सी ने कोल पामर के पेनल्टी के माध्यम से बढ़त ले ली। रहीम स्टर्लिंग और निकोलस जैक्सन ने भी गोल दागकर टीम को जीत के करीब पहुंचा दिया। सोमवार को फिलहम के खिलाफ 2-0 की जीत के बाद, चेल्सी इस सीजन लीग में अपनी दूसरी जीत हासिल करना चाह रही थी। इस मैच में चेल्सी की शुरुआत अच्छी नहीं थी। 15वें में ओडोबर्ट ने गोल दागकर बर्नले को 1-0 से आगे कर दिया था और हॉफ टाइम से थोड़ी देर पहले तक यही स्कोर रहा।

# मैं घबरा गया था, कोई भी अपनी पारी की शुरुआत ऐसा नहीं चाहेगा : रोहित शर्मा

**चेन्नई।** क्रिकेट विश्व कप 2023 के अहम मुकाबले में भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया को 6 विकेट से हरा दिया। ऑस्ट्रेलिया को 199 रन पर ऑलआउट करने के बाद टीम इंडिया के टॉप 4 में से 3 प्लेयर बिना खाता खोले आऊट हो गए थे लेकिन विराट कोहली और केएल राहुल ने शानदार पारियां खेलकर टीम इंडिया को जीत दिला दी। मैच जीतने के बाद भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि यह बहुत रोमांचक था। टॉप पर आकर अच्छा लग रहा है। हमारे लिए टूर्नामेंट की शुरुआत करने के लिए यह एक अच्छा खेल था।

रोहित बोले- आज हमारे फील्डर अच्छे रहे, हर किसी ने प्रयास किया। हमारे गेंदबाजों ने परिस्थितियों का बखूबी इस्तेमाल किया। हम जानते थे कि हर किसी को मदद मिलेगी, यहां तक ??कि तेज गेंदबाजों को भी रिवर्स स्विंग मिली। स्पिनरों ने अच्छे क्षेत्रों में गेंदबाजी कर विकेट निकाले।

वहीं, जल्दी 3 विकेट गिर



जाने पर रोहित ने कहा कि मैं (घबराया हुआ) था, आप अपनी पारी की शुरुआत इस तरह से नहीं करना चाहेंगे, इसका श्रेय ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों को जाता है क्योंकि उन्होंने अच्छे क्षेत्रों में गेंदबाजी की। हमने भी कुछ ढीले शॉट लगाए। जब आपके पास इस तरह का लक्ष्य होता है तो आप पावरप्ले में उतना ही स्कोर बनाना चाहते हैं जितना संभव होता है लेकिन इसका श्रेय विराट और केएल को जाता है कि उन्होंने लक्ष्य का पीछा कैसे किया।

रोहित ने कहा कि एक टीम के रूप में हमारे लिए अलग-अलग परिस्थितियों में जाना और खुद को ढालना जैसी चुनौती होगी। जो भी परिस्थितियों के अनुकूल होगा उसे आना होगा और काम करना होगा। वहीं, चेन्नई के मैदान में आए दर्शकों का धन्यवाद करते हुए रोहित ने कहा कि चेन्नई कभी निराश नहीं करती। यहां के लोग क्रिकेट से प्यार करते हैं। इतनी गर्मी में यहां बैठना टीम का हौसला बढ़ाना इसे खास बनाता है।

**दोनों टीमों की प्लेइंग 11**

भारत : रोहित शर्मा (कप्तान), इशान किशन, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या, रवींद्र जडेजा, रविचंद्रन अश्विन, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज।

ऑस्ट्रेलिया : डेविड वार्नर, मिशेल मार्श, स्टीवन स्मिथ, मार्नस लाबुशेन, ग्लेन मैक्सवेल, एलेक्स कैरी (विकेटकीपर), कैमरून ग्रीन, पैट कमिंस (कप्तान), मिशेल स्टार्क, एडम जम्पा, जोश हेजलवुड।

# वीजा नहीं मिलने से पाकिस्तान के क्रिकेट प्रसंशकों और पत्रकारों में निराशा

**इस्लामाबाद ।** आईसीसी क्रिकेट विश्वकप के मैचों को देखने के लिए भारत आने के तैयार पाकिस्तानी प्रसंसक और पत्रकार वीजा नहीं मिलने से निराश है। डॉन समाचार पत्र की आज यहां जारी रिपोर्ट के अनुसार वीजा को लेकर पाकिस्तान स्थित भारतीय उच्चायोग, भारत के गृह मंत्रालय के निर्देशों का इंतजार कर रहा है। जोकि प्रसंसक के लिए पीड़ादायक, कष्टदायी इंतजार है।

प्रसंशकों को होने वाले श्रीलंका बनाम पाकिस्तान मुकाबले के छूटने की चिंता सता रही है। एक प्रसंशक ने रविवार को डॉन समाचारपत्र को बताया, 'सबसे बुरी बात यह है कि वीजा के कारण न आने वालों के लिए कोई रिफंड नीति नहीं है।' उन्होंने इस बात पर निराश जताई कि मेजबान भारत पर पाकिस्तान के प्रशंसकों और पत्रकारों को वीजा देने के लिए पर्याप्त दबाव नहीं डाला गया।

प्रसंशक ने कहा कि दुर्भाग्य



से क्रिकेट भारत और पाकिस्तान के बीच खराब राजनीतिक संबंधों का सबसे बड़ा शिकार रहा है। हालांकि कई प्रशंसक वीजा मुद्दे पर पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के सुस्त रुख से निराश हैं। पाकिस्तानी मंत्रालय ने कहा है कि भारत को खेल को राजनीति के साथ नहीं मिलाना चाहिए।

कराची स्थित एक रिपोर्टर ने कहा, 'आईसीसी केवल सामान्य बयान भेज रही है कि 'हर प्रयास किया जा रहा है' लेकिन हमें कोई नतीजा नहीं दिख रहा है।' इस समय अधिकांश पत्रकार अफवाहों पर भरोसा कर रहे हैं कि पाकिस्तान के 50 मान्यता प्राप्त पत्रकारों में से 15 को 14 अक्टूबर को भारत और पाकिस्तान के बीच बहुप्रतीक्षित मुकाबले से पहले वीजा दिया जाएगा।

इस्लामाबाद स्थित एक रिपोर्टर ने कहा, 'भारतीय उच्चायोग के अधिकारी पहले काफी संवेदनशील थे लेकिन अभी, वे हमारा फोन भी नहीं उठा रहे हैं। पीसीबी ने कहा है कि वह प्रशंसकों और पत्रकारों के लिए वीजा जारी करने पर आईसीसी को उनके दायित्वों और सदस्यों के समझौते के बारे में याद दिलाकर संबंधित अधिकारियों के साथ चिंताओं को उठाना जारी रखे हुए है, लेकिन कई लोगों का मानना है कि यह पर्याप्त नहीं है।

## अलविदा हांगझोऊ, नागोया में मिलेंगे : रंगारंग कार्यक्रम के साथ एशियाई खेलों का समापन, भारत के नाम रिकॉर्ड पदक

**हांगझू।** चीन की सांस्कृतिक विरासत और तकनीक के बेहतरीन तालमेल के साथ यहां रविवार को 19वें एशियाई खेलों का रंगारंग समापन हो गया। बिग लोटस स्टेडियम में 80 हजार दर्शकों की मौजूदगी के बीच 75 मिनट तक चले समारोह में रोशनी, संगीत और लेजर शो के बाद भाग लेने वाले 45 देशों ने 2026 में जापान के शहर नागोया में होने वाले अगले एशियाई खेलों में मिलने का वादा करते हुए विदा ली। 16 दिन हुए खेलों में 13 विश्व रिकॉर्ड, 26 एशियाई और 97 गेम्स रिकॉर्ड टूटे। अगले खेलों के मेजबान नागोया के गवर्नर को समारोह में एशियाई ओलंपिक परिषद और नई दिल्ली में 1951 में हुए पहले एशियाई खेलों का ध्वज और मशाल सुपुर्द की गई। हांग्झोऊ एशियाई खेलों के प्रदर्शन ने अगले वर्ष होने वाले पेरिस ओलंपिक के लिए उम्मीदें जगा दी हैं। एशियाड में 107 पदक जीतकर भारतीय दल ने इस बार सौ पार का लक्ष्य पूरा करते हुए पेरिस में टोक्यो ओलंपिक में जीते गए सात पदकों के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन को पीछे छोड़ने के लिए कमर कस ली है। पेरिस में भारतीय दल का लक्ष्य 10 पदकों को पार करने का रहेगा।भारत ने पांच साल में ही एशियाई खेलों के अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन को पीछे छोड़ दिया। 2018 के जकार्ता एशियाड में भारत ने 70 पदक जीते थे, जिसे 2023 में 37 पदकों से भारतीय दल ने पीछे छोड़ा। अब पेरिस में तीन साल पहले टोक्यो में किए गए सर्वश्रेष्ठ ओलंपिक प्रदर्शन को पीछे छोड़ने की बारी है। सही मायनों में यह एशियाड भारत के लिए बेहद खास है। यह पहली बार है जब एक एशियाड में देश के चार खिलाड़ियों ने स्वर्ण पदक समेत तीन से चार पदक जीते। कंपाउंड तीरंदाज ज्योति सुरेखा और ओजस देवताले तीन-तीन स्वर्ण जीतकर देश के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बने, जबकि निशानेबाज ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर और ईशा सिंह ने चार-चार पदक जीते। हांग्झोऊ में कुछ खिलाड़ियों के प्रदर्शन ऐसे रहे, जो विश्वस्तरीय रहे। इनमें 50 मीटर थ्री पोजीशन में विश्व रिकॉर्ड के साथ जीता गया सिफ्त कौर समरा का स्वर्ण, नीरज चोपड़ा का 88.88 की थ्रो के जेवेलिन थ्रो में स्वर्ण और किशोर जेना का 87.54 मीटर के साथ जीता गया रजत, बैडमिंटन युगल में सात्विक साईराज रैंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की ओर से युगल में पहली बार जीता गया ऐतिहासिक स्वर्ण, सुतीर्था मुखर्जी-अयहिका मुखर्जी की ओर से टेबल टेनिस के युगल में जीता गया कांस्य पदक, ईशा सिंह का 25 मीटर पिस्टल में रजत, ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर का 10 मीटर एयरराइफल में कांस्य और 50 मीटर थ्री पोजीशन में रजत, दीपक पूनिया का 86 में रजत और अंतिम पंघाल का 53 भार वर्ग रजत, लवलीना का 75 भार वर्ग में रजत विश्वस्तरीय प्रदर्शन रहे।

ACTION INDIA
# एक्शन इंडिया
Front Page - 2
एक्शन इंडिया ▸ देहरादून ▸ 10 अक्टूबर 2023 ▸ पृष्ठ 08 ▸ आरएनआई: UTTHIN / 2009 / 31653
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

फास्ट न्यूज

## आंदोलनकारियों के आरक्षण बिल को लेकर बैठक स्थगित

**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**
राज्य आंदोलनकारियों के आरक्षण बिल को लेकर सोमवार को आयोजित प्रवर समिति की बैठक में विपक्ष के विधायक नहीं पहुंचे। इसके चलते प्रवर समिति के अध्यक्ष संसदीय कार्यमंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने बैठक को स्थगित कर दिया। उन्होंने कहा कि आंदोलनकारियों के आरक्षण का फैसला हम मिलकर लेना चाहते हैं। इसलिए विपक्ष का बैठक में होना जरूरी था। विधायक नहीं आए इसलिए अब बैठक बाद में आयोजित होगी। बता दें कि विधानसभा सत्र के दौरान राज्य आंदोलनकारियों का आरक्षण बिल पेश किया गया था। लेकिन कुछ संशोधन होने के चलते बिल को सर्वसम्मति से प्रवर समिति को भेज दिया गया था। पिछली बैठक में प्रवर समिति ने राज्य आंदोलनकारी आरक्षण विधेयक में आश्रितों की श्रेणी में तलाकशुदा और परित्यक्ता बेटियों को भी शामिल करने का सुझाव दिया था। साथ ही राज्य सरकार की सभी भर्ती परीक्षाओं में राज्य आंदोलनकारियों व उनके आश्रितों को 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण देने की हिमायत की थी।
बिल में ये प्रमुख संशोधन प्रस्तावित
1. आंदोलन के घायलों व सात दिन अथवा इससे अधिक अवधि तक जेल में रहे आंदोलनकारियों की जगह चिन्हित राज्य आंदोलनकारी होना चाहिए
2. आंदोलनकारियों को लोक सेवा आयोग वाले समूह ग के पदों पर भी सीधी भर्ती में आयु सीमा और चयन प्रक्रिया में एक साल की छूट मिले।
3. लोकसेवा आयोग की सीधी भर्ती में राज्य महिला क्षैतिज आरक्षण की तरह 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण मिलेगा।

## रोजाना नौ महिलाएं हो रही यौन शोषण का शिकार: सुधा

**टीम एक्शन इंडिया:**
नारनौल। हरियाणा प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष सुधा भारद्वाज ने कहा है कि प्रदेश की मौजूदा सरकार महिलाओं को सुरक्षा प्रदान करने में बुरी तरह से असफल साबित हुई है। प्रदेश में आए दिन नौ महिलाओं अथवा लड़कियों के साथ दुष्कर्म की घटनाएं हो रही हैं।
सुधा भारद्वाज आज यहां जिला महिला कांग्रेस द्वारा महिला उत्पीडन. की घटनाओं के विरोध में आयोजित रोष मार्च से पहले स्थानीय पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह परिसर में महिलाओं को संबोधित कर रही थी।
महिला कांग्रेस ने लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह के निकट से शुरू होकर लघु सचिवालय तक रोष मार्च किया।

# 'कृषि-खाद्य प्रणालियों को न्यायसंगत बनाना होगा'

'यदि कोई समाज न्याय से रहित है, उसकी समृद्धि के बावजूद उसका अस्तित्व समाप्त हो जाएगा'

आह्वान

**ß सबसे पुराने विज्ञान के रूप में जाना जाने वाला कृषि, आधुनिक समय में भी कमजोर पाया जाता है**



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को कहा कि कृषि-खाद्य प्रणालियों को अधिक न्यायसंगत और समावेशी बनाना न केवल वांछनीय है बल्कि ग्रह और मानव जाति की भलाई के लिए भी महत्वपूर्ण है। राष्ट्रपति ने नई दिल्ली में सीजीआईएआर जेंडर इम्पैक्ट प्लेटफॉर्म और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) द्वारा आयोजित 'अनुसंधान से प्रभाव तक: न्यायसंगत और लचीली कृषि-खाद्य प्रणालियों की ओर' विषयक अंतरराष्ट्रीय अनुसंधान सम्मेलन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि यदि कोई समाज न्याय से रहित है, उसकी समृद्धि के बावजूद उसका अस्तित्व समाप्त हो जाएगा। उन्होंने कहा कि जब लैंगिक न्याय की बात आती है, तो सबसे पुराने विज्ञान के रूप में जाना जाने वाला कृषि, आधुनिक समय में भी कमजोर पाया जाता है। मुर्मू ने कहा कि कोविड-19 महामारी ने कृषि-खाद्य प्रणालियों और समाज में संरचनात्मक असमानता के बीच एक मजबूत संबंध को भी सामने ला दिया है। उन्होंने कहा कि पुरुषों की तुलना में, महिलाओं को महामारी के वर्षों में नौकरी का अधिक नुकसान हुआ, जिससे प्रवासन शुरू हुआ। राष्ट्रपति ने कहा कि वैश्विक स्तर पर हमने देखा है कि महिलाओं को लंबे समय तक कृषि-खाद्य प्रणालियों से बाहर रखा गया है। वे कृषि संरचना के सबसे निचले पिरामिड का बड़ा हिस्सा हैं, लेकिन उन्हें निर्णय लेने वालों की भूमिका निभाने के लिए सीढ़ी पर चढ़ने के अवसर से वंचित किया जाता है। मुर्मू ने कहा कि दुनिया भर में उन्हें भेदभावपूर्ण सामाजिक मानदंडों और ज्ञान, स्वामित्व, संपत्ति, संसाधनों और सामाजिक नेटवर्क में रोका जाता है।
उनके योगदान को मान्यता नहीं दी गई है, उनकी भूमिका को हाशिए पर रखा गया है। इस कहानी को बदलने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि भारत में हम विधायी और सरकारी हस्तक्षेपों के माध्यम से महिलाओं को और अधिक सशक्त होने के साथ उन परिवर्तनों को देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमें न केवल महिला विकास बल्कि महिला नेतृत्व वाले विकास की जरूरत है। राष्ट्रपति ने कहा कि जलवायु परिवर्तन अस्तित्व गत खतरा है और हमें अभी तेजी से कार्रवाई करने की जरूरत है। जलवायु परिवर्तन, ग्लोबल वार्मिंग, बर्फ पिघलने और प्रजातियों के विलुप्त होने से खाद्य उत्पादन बाधित हो रहा है और कृषि-खाद्य चक्र भी टिकाऊ और पर्यावरण के अनुकूल नहीं है। यह जलवायु कार्रवाई में बाधा डाल रहा है और ग्रीनहाउस गैसों में वृद्धि का कारण बन रहा है।
उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि हमारी कृषि-खाद्य प्रणालियाँ एक दुष्चक्र में फंस गई हैं और हमें इस "चक्रव्यूह" को तोड़ने की जरूरत है। राष्ट्रपति ने जैव विविधता बढ़ाने और पारिस्थितिकी तंत्र को बहाल करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया ताकि सभी के लिए अधिक समृद्ध और न्यायसंगत भविष्य के साथ-साथ कृषि-खाद्य प्रणालियों के माध्यम से खाद्य और पोषण सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

### 'कृषि-खाद्य प्रालियां लचीली और चुस्त होनी

**राष्ट्रपति** ने कहा कि हमें कृषि-खाद्य प्रणालियों को कैसे बदला जाए, इसकी एक व्यवस्थित समझ की आवश्यकता है। राष्ट्रपति ने कहा कि कृषि-खाद्य प्रणालियां लचीली और चुस्त होनी चाहिए ताकि वे सभी के लिए पौष्टिक और स्वस्थ आहार को अधिक सुलभ, उपलब्ध और किफायती बनाने के लिए व्यवधानों का सामना कर सकें और उन्हें अधिक न्यायसंगत, न्यायसंगत और टिकाऊ होना चाहिए। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि अगले चार दिनों के दौरान सम्मेलन सभी मुद्दों पर विचार करेगा और कृषि-खाद्य प्रणालियों में सकारात्मक परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त करेगा।



उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ कृषि विकसा मेले में ढोल बजाते हुए।

## विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस: टेली-मानस का लॉन्च होगा लोगो

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर मंगलवार को केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया टेली- मानस का लोगो लॉन्च करेंगे और नॅशनल इन्स्टीट्यूट ऑफ मेंटल हेल्थ एंड न्यूरो साइंस (निम्हंस) में नई सुविधाओं का उद्घाटन करेंगे। डीआरडीओ सभागार में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री प्लेटिनम जुबली ऑडिटोरियम, शैक्षणिक सुविधा, निम्हंस में नया प्रशासनिक कार्यालय परिसर, मस्तिष्क और दिमाग के केंद्र की भी शुरूआत करेंगे। इस मौके पर डॉ. मनसुख मांडविया टेली-मानस सेवा में सबसे सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले राज्यों को भी सम्मानित करेंगे।
**क्या है टेली-मानस सेवा:** टेली मेंटल हेल्थ असिस्टेंस एंड नेटवर्किंग एक्रॉस स्टेट्स (टेली-मानस) एक हेल्पलाइन सेवा है, जिसके माध्यम से केन्द्र सरकार पूरे देश में सभी के लिए गुणवत्तापूर्ण मानसिक स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध करा रही है।

## भदोही में भय-आतंक का माहौल खत्म किया: सीएम योगी



**टीम एक्शन इंडिया/भदोही**
**यूपी** के भदोही जिले में सीएम योगी ने बहुप्रतिक्षित अंतरराष्ट्रीय कालीन मेला इंडिया कार्पेट एक्सपो का आज शुभारंभ किया। भारतीय कालीन निर्यात संवर्धन परिषद (सीईपीसी) ने अनौपचारिक रूप से रविवार को कार्पेट एक्सपो का शुभारंभ किया। लेकिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने फीता काटकर कार्पेट एक्सपो का शुभारंभ किया। वस्त्र उद्योग मंत्री राकेश सचान बोले, सभी कालीन उद्यमियों की समस्याओं का समाधान होगा। सभी के साथ बैठकर बात होगी। सीएम बोले, पहले भदोही में भय और आतंक का माहौल था आज अंतरराष्ट्रीय मेला लग रहा है। प्रदेश में हुनर को मंच देने का कार्य हो रहा है। भदोही, मिजार्पुर और वाराणसी का क्षेत्र वस्त्र उद्योग का हब है, पहले भी उनमें हुनर था, लेकिन मंच नहीं मिल रहा था। कारीगरों को टेक्नोलाजी से जोड़ने के साथ मंच देने की आवश्यकता है। हमारी सरकार बोलती कम और काम ज्यादा करती है। लगभग बीस मिनट के संबोधन में सीएम योगी ने कौशल और टेक्नोलॉजी के समन्वय पर जोर दिया। बोले,हमारी सरकार हुनर को सही मंच दे रही है।
एक महीने में दो अंतरराष्ट्रीय फेयर का आयोजन कर प्रदेश में ओडीओपी की संभावनाओं को बढ़ाने के साथ ही पीएम मोदी के मेक इन इंडिया प्रोजेक्ट को आगे बढ़ा रहे हैं।

## सीएम धामी ने लांच किया रोजगार प्रयाग पोर्टल



**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**
**देहरादून में आयो**जित उत्तराखंड युवा महोत्सव में सीएम पुष्कर सिंह धामी ने 10 हजार से भी अधिक युवाशक्ति को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने रोजगार प्रयाग पोर्टल और युवा उत्तराखंड एप को लांच किया। साथ ही सेवायोजन कार्यालयों में स्वरोजगार केन्द्रों का शुभारंभ भी किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर रोजगार मेलों के माध्यम से चयनित 17 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र भी प्रदान किए। साथ ही विभिन्न विभागों की ओर से लगाई गई प्रदर्शनियों का अवलोकन भी किया। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा, विधायक खजानदास, मेयर सुनील उनियाल गामा भी मौजूद रहे। सीएम धामी ने कहा कि देवभूमि के युवा न केवल प्रतिभा संपन्न एवं सामर्थ्यवान हैं, बल्कि मेहनती भी हैं। अनेक क्षेत्रों में हमारे प्रदेश की प्रतिभाओं ने देश और दुनिया में राज्य का नाम रोशन किया है। देश और राज्य का भविष्य युवाओं की शक्ति पर निर्भर है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि प्रदेश की युवा शक्ति को रोजगार के सुअवसर मुहैया कराने में युवा महोत्सव जैसे कार्यक्रम मील के पत्थर साबित होंगे।

## घोर जातिवादी पार्टी है भाजपा: अखिलेश



**टीम एक्शन इंडिया/मैनपुरी**
**उत्तर** प्रदेश के मैनपुरी में सोमवार को पहुंचे सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने एक बार फिर जातीय जनगणना का मुद्दा उठाया। इस पर उन्होंने भाजपा सरकार को घेरा। कहा कि भाजपा सबसे घोर जातिवादी पार्टी है। देवरिया की घटना में भी भाजपा जातिगत लाभ लेना चाहती है। कहा कि बिहार में जातीय सर्वे का काम पूरा हो गया है। अब देशभर में जातीय सर्वे होना चाहिए। कहा कि भाजपा में शामिल पीडीए के लोग भी जातिगत गणना के पक्ष में हैं।
बीती 28 सितंबर को गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान बरनाहल के डालूपुर गांव के तीन लोगों की मौत हो गई थी। सपा मुखिया शोक संतृप्त परिजन से मिलने पहुंचे थे। उन्होंने मृतक विजेंद्र कुमार, अतुल कुमार और आर्यन को श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ ही उनके परिजन से मुलाकात की। उन्हें पार्टी की ओर से एक-एक लाख रुपये का चेक देकर आर्थिक मदद भी की। उन्होंने कहा कि पर्यटन विभाग का जब मार्कंडेय कुंड में काम चल रहा था तो बोर्ड क्यों नहीं लगाया गया।

## 'स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव कराना आयोग के सामने बड़ी चुनौती'

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**केंद्रीय चुनाव** आयोग द्वारा पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा का बसपा सुप्रीमो मायावती ने स्वागत किया है पर ये भी कहा कि धनबल और सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग रोककर निष्पक्ष चुनाव कराना आयोग की बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि बसपा मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में स्थानीय दलों से समझौता कर चुनाव लड़ी है जबकि राजस्थान व तेलंगाना में अकेले ही चुनाव लड़ेगी।

बाढ़ का डर

### कटाव होने से खेती लायक जमीनें नदी की धारा में विलीन होती जा रही

## बागमती नदी के उफनाने से शुरू हुआ कटाव



**टीम एक्शन इंडिया/शिवहर**
**बिहार** के शिवहर जिले के बागमती नदी के जलस्तर में वृद्धि होने के साथ ही नदी के दोनों किनारे पर कटाव होने लगा है। कटाव होने से खेती लायक जमीनें नदी की धारा में विलीन होती जा रही हैं। कटाव से रोपी गई धान की फसल सहित अन्य पेड़-पौधे नदी में समाते जा रहे हैं। दरअसल, बागमती नदी के बेलवा घाट से लेकर डुब्बा घाट तक दोनों बागमती तटबंध के अंदर नदी किनारों पर कटाव हो रहा है। खासकर बागमती पुल के पूर्वी दक्षिणी भाग में पिपराही, रतनपुर और उकनी गांव के सीमा क्षेत्र में नदी किनारों पर कटाव तेज हो गया है। इसके अलावा इंद्रवा, दोस्तिया, माधोपुर, पिपराही, रतनपुर, उकनी, मझौरा सहित कई गांवों की खेती लायक जमीनें कटाव से बर्बाद होती जा रही हैं।
**ये फसलें हो रही बर्बाद:** धान की रोपी गई पौध के अलावा केले के पौधे, बांस, शीशम और सेमल के पेड़ देखते ही देखते कटाव से नदी की धारा में विलीन होते जा रहे हैं। कई किसान कटाव से धान की फसल को बर्बाद होता देख पौधों को काटकर मवेशियों के चारा के लिए काटकर ले जा रहे हैं। वहीं, लोगों के सामने ही हजारों रुपये के मूल्य के शीशम और सेमल के पेड़ कटाव से नदी की तेज धारा में बह जा रहे हैं। कटाव से नदी की धारा की चौड़ाई बढ़ती जा रही है। विगत वर्ष नदी उत्तरी भाग में बह रही थी। अब कटाव होने से किसानों की जमीन से होकर बह रही है। इस साल कटाव से दर्जनों किसानों का लाखों का नुकसान हो गया है।
**स्टेट हाइवे अभी भी बंद:** विदित हो कि कुछ जगहों पर नदी के पूर्वी और उत्तरी किनारों पर कटाव हो रहा है। तो कुछ जगहों पर पश्चिमी और दक्षिणी किनारों पर कटाव हो रहा है। बागमती नदी के पिपराही घाट पर बने पुल के पास उत्तरी भाग में भी तेजी से कटाव हो रहा है।

